RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023

नागपुर, शुक्रवार 7 फरवरी 2025

अंक 116/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-

हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP






# नागपुर से आरंभ विजय अभियान

भारत ने नागपुर में खेले गए पहले वनडे में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराकर वनडे सीरीज में जीत से अपने अभियान का आगाज किया। इसके साथ ही टीम इंडिया ने 3 मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। टीम इंडिया की जीत में श्रेयस अय्यर, शुभमन गिल और अक्षर पटेल का अहम योगदान रहा। तीनों ही खिलाड़ियों ने शानदार अर्धशतक जड़े। अय्यर ने 36 गेंदों पर ताबड़तोड़ 59 रन बनाए। वहीं, शुभमन गिल ने सबसे ज्यादा 87 रनों की पारी खेली। अक्षर पटेल ने 52 रनों की पारी खेली।

## भारत ने पहले वनडे मैच में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया

**नागपुर.**

Aशुभमन गिल और अक्षर पटेल के बीच चौथे विकेट के लिए 108 रनों की शानदार साझेदारी हुई। इससे पहले इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इंग्लैंड का आगाज तो शानदार रहा लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने जबरदस्त वापसी करते हुए पूरी टीम को 47.4 ओवरों में 248 रनों पर समेट दिया। इस तरह टीम इंडिया को जीत के लिए 249 रनों का टारगेट मिला।

**भारत की रही खराब शुरूआत :** इंग्लैंड के स्कोर के जवाब में भारतीय पारी का आगाज भी कुछ खास नहीं रहा। 19 रन के भीतर रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी पवेलियन लौट गई। इसके बाद अय्यर



और गिल ने मोर्चा संभाला और टीम का स्कोर 100 रनों के पार ले गए। इस दौरान अय्यर 30 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा करने में कामयाब रहे। हालांकि कुछ देर बाद ही अय्यर पवेलियन लौट गए। श्रेयस अय्यर के आउट होने के बाद गिल और अक्षर पटेल ने मोर्चा संभाला और शतकीय साझेदारी करते हुए भारत को जीत के करीब पहुंचाया। हालांकि अक्षर जीत के करीब 52 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद केएल भी 2 रन बनाकर चलते बने। जब टीम इंडिया जीत से 14 रन दूर थी तो शुभमन गिल बड़ा शॉट लगाने के चलते अपने शतक से चूक गए। इसके बाद हार्दिक पांड्या और रवींद्र जडेजा ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

### खत्म हुआ लंबा इंतजार

आपको जानकर हैरानी होगी कि भारतीय टीम को 14 महीने बाद वनडे में पहली जीत नसीब हुई है। इससे पहले टीम इंडिया ने अपना आखिरी वनडे मुकाबला 2023 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ जीता था। ये सेमीफाइनल मुकाबला था जिसमें जीत के बाद टीम इंडिया ने फाइनल का टिकट हासिल किया था। हालांकि भारतीय टीम फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारकर वर्ल्ड कप जीतने से चूक गई। इसके बाद टीम इंडिया ने अगस्त 2024 में वनडे सीरीज के लिए श्रीलंका का दौरा किया लेकिन 3 मैचों की सीरीज 0-2 से हार गई। ये साल 2024 में टीम इंडिया की एकमात्र वनडे सीरीज थी। अब 6 महीने बाद टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ अपने घर में वनडे सीरीज खेल रही है।

### भारत के पहले गेंदबाज बने

**हर्षित राणा ने अपने चौथे ओवर में सबसे पहले बेन डकेट को अपना शिकार बनाया और फिर हैरी ब्रूक को डक पर चलता किया। इसके बाद लियाम लिविंगस्टोन को 5 रन के निजी स्कोर पर आउट किया। इस तरह हर्षित राणा ने भारत के वनडे क्रिकेट के इतिहास में बड़ा करिश्मा कर दिया। दरअसल, हर्षित राणा तीनों फॉर्मेट में अपने डेब्यू मैच में 3+ विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट डेब्यू में 48 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए थे जबकि पुणे में टी20 डेब्यू करते हुए 33 रन देकर 3 विकेट चटकाए थे।**

## 'वो इमारत को ध्वस्त कर सकते, हैं इतिहास नहीं

**नई दिल्ली.**

बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी के कई नेताओं के घरों में तोड़फोड़ की और देश के संस्थापक नेता शेख मुजीबुर रहमान के ढाका स्थित एक स्मारक में तोड़फोड़ के साथ ही उनके भित्ती चित्रों को नुकसान पहुंचाया।

प्रदर्शनकारियों ने तोड़फोड़ और आगजनी की घटना को उस समय अंजाम दिया जब मुजीबुर रहमान की बेटी और अपदस्थ प्रधानमंत्री हसीना लोगों को डिजिटल माध्यम से संबोधित करने वाली थीं।

इस बीच शेख हसीना ने अपने संबोधन में कहा, "वो एक इमारत को ध्वस्त कर सकते हैं, लेकिन इतिहास को नहीं बल्कि उन्हें यह भी याद रखना चाहिए कि इतिहास अपना बदला लेता है।"

## कांग्रेस ने देश की बर्बादी की: मोदी

**'तमाशा करने वालों को क्या खबर, हमने कितने तूफानों को पार कर दीया जलाया है'**



**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर संबोधन दे रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस दौरान कहा कि देश को आगे की दिशा भी राष्ट्रपति जी ने दिखाई है। राष्ट्रपति जी का भाषण प्रेरक, प्रभावी था और हम सब के लिए भविष्य के काम का मार्गदर्शन भी था। मैं आदरणीय राष्ट्रपति जी के उद्बोधन पर धन्यवाद करने के लिए उपस्थित हुआ हूं। उन्होंने कहा कि करीब 70 से भी ज्यादा माननीय सांसदों ने अपने बहुमूल्य विचारों से इस आभार प्रस्ताव को समृद्ध करने का प्रयास किया है। यहां पक्ष, प्रतिपक्ष दोनों तरफ से चर्चा हुई, हर किसी न अपने-अपने तरीके से राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के जिसने जैसे समझा, उसे वैसा समझाया। यहां पर सबका साथ, सबका विकास इसपर बहुत कुछ कहा गया। मैं समझ ही नहीं पाता हूं कि इसमें कठिनाई क्या है। उन्होंने कहा कि देश जिसका हकदार था, इस प्रगति को पूरा न कर कांग्रेस ने कितनी बर्बादी की है, इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। आज के नौजवानों को ये जानना बहुत जरूरी है कि उनके मां बाप को मुसीबतों से जीवन क्यों गुजारनी पड़ी, देश की ऐसी हालत क्यों हुई।

## अर्जेंटीना नहीं रहेगा डब्ल्यूएचओ का हिस्सा

**ब्यूनस आयर्स.** अर्जेंटीना के राष्ट्रपति ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मतभेदों के कारण संयुक्त राष्ट्र एजेंसी से अपने देश के हटने का आदेश दिया है। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति के प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी दी है। राष्ट्रपति जेवियर माइली का फैसला उनके सहयोगी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्णय से मेल खाता है, जिन्होंने 21 जनवरी को पदभार ग्रहण करने के पहले ही दिन एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर कर अमेरिका को डब्ल्यूएचओ से बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी।

## जरूरत पड़ने पर आप के साथ आएगी कांग्रेस ?

**नई दिल्ली.**

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी 2025 को मतदान हुए. 8 फरवरी को परिणाम भी सबके सामने आ जाएंगे. चुनाव खत्म होने के बाद अब तमाम एग्जिट पोल के आंकड़े भी सामने आ गए हैं, जिसको लेकर नेताओं की प्रतिक्रियाएं भी सामने आ रही है. इसी कड़ी में कांग्रेस नेता के सी वेणुगोपाल ने भी गुरुवार, (6 फरवरी, 2025) को साफ-साफ कहा है कि उन्हें एग्जिट पोल पर भरोसा नहीं है. वह सिर्फ नतीजे आने के बाद ही कुछ कह पाएंगे.

के सी वेणुगोपाल से सवाल किया गया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल के आंकड़े सामने आ चुके हैं, इसमें कांग्रेस की क्या उम्मीदें हैं ? जवाब में के सी वेणुगोपाल ने कहा कि हम एग्जिट पोल पर विश्वास नहीं करते.

## देवेंद्र फडणवीस ने आईएएस अधिकारी को दी एमएसआरटीसी की कमान

**मुंबई.**

महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम के चेयरमैन की नियुक्ति से राज्य में नया बखेड़ा खड़ा हो सकता है. दरअसल, परंपरा से हटकर देवेंद्र फडणवीस सरकार ने परिवहन सचिव आईएएस संजय सेठी को एमएसआरटीसी का चेयरमैन नियुक्त किया है. एक दशक से इस पद की कमान जनप्रतिनिधि के हाथों में होती थी.

इसके संकेत मिले हैं कि एमएसआरटीसी चेयरमैन पद पर एकनाथ शिंदे की पार्टी शिवसेना दावा कर रही थी. न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, एक अधिकारी ने कहा कि शिवसेना नेता और परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने हाल ही में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर नए अध्यक्ष की तत्काल नियुक्ति का अनुरोध किया था.

**शिवसेना नेता के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी सीट**

इससे पहले एमएसआरटीसी चेयरमैन शिवसेना के नेता भरत गोगावले थे. फडणवीस सरकार में बागवानी और रोजगार गारंटी मंत्री बनने के बाद उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया. इसके बाद से ही चेयरमैन का पद खाली था.



बता दें कि देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद से ही कई मौकों पर एकनाथ शिंदे की नाराजगी की खबरें आई है.

परिवहन सचिव के रूप में सेठी निगम के पदेन सदस्य भी हैं. परिवहन विभाग के एक पूर्व अधिकारी ने उनकी नई जिम्मेदारी को हितों के टकराव का मामला बताया है.

**पूर्व अधिकारी ने जताई आपत्ति**

परिवहन विभाग के एक सेवानिवृत्त अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि आप दाएं हाथ से प्रस्ताव नहीं भेज सकते और बाएं हाथ से उसे मंजूरी नहीं दे सकते. उन्होंने यह भी बताया कि निगम में कोई सार्वजनिक प्रतिनिधित्व नहीं होगा.

## भारतीयों के साथ किसी तरह का दुर्व्यवहार नहीं हुआ : विदेश मंत्री

**नई दिल्ली.**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में डिपोर्टेशन के मुद्दे पर जवाब देते हुए कहा कि अवैध तरीके से रह रहे भारतीयों को वापस भेजा गया। डिपोर्टेशन कोई पहली बार नहीं हुआ है। विदेश मंत्री ने अपने बयान में पुराने आंकड़े भी गिनाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2012 से ही डिपोर्टेशन के तहत मिलिट्री प्लेन से लोगों को वापस भेजा जाता रहा है। उन्होंने कि भारतीयों के साथ किसी तरह का दुर्व्यवहार नहीं हुआ। भेजे गए लोगों को टॉयलेट ब्रेक दिया गया था।

राज्यसभा में बोलते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि हम अमेरिकी सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वापस



लौटने वाले निर्वासितों के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार न हो। जयशंकर ने कहा कि यह सभी देशों का दायित्व है कि यदि उनके नागरिक विदेश में अवैध रूप से रह रहे पाए जाते हैं तो उन्हें वापस ले लिया जाए। विदेश मंत्री ने राज्यसभा में कहा कि अवैध तरीके से रह रहे भारतीयों को अमेरिकास से वापस भेजा गया है। डिपोर्टेशन कोई नई बात नहीं है, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। अवैध तरीके से रहने वाले लोगों को साल 2012 से ही मिलिट्री प्लेन से भेजा जाता रहा है।

## मिराज-2000 लड़ाकू विमान क्रैश, पायलट सुरक्षित

**शिवपुरी.**

मध्य प्रदेश के शिवपुरी भारतीय वायुसेना का फाइटर प्लेन क्रैश हो गया है। जानकारी के मुताबिक, ये लड़ाकू विमान मिराज 2000 है। विमान के पायलट सुरक्षित बताए जा रहे हैं। दरअसल, गुरुवार को भारतीय वायुसेना का एक मिराज 2000 लड़ाकू विमान मध्य प्रदेश के शिवपुरी में क्रैश हो गया है। इस हादसे में लड़ाकू विमान के दोनों पायलटों के घायल होने की खबर सामने आई है। हादसे के बाद लड़ाकू विमान का बुरी तरह से जलते हुए वीडियो भी सामने आया है। आइए जानते हैं कि कैसे हुआ है ये हादसा।

अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, वायुसेना का मिराज 2000 लड़ाकू विमान गुरुवार को 2 बजकर 20 मिनट के करीब क्रैश हुआ है। विमान शिवपुरी के करैरा तहसील के सुनारी थाना क्षेत्र में क्रैश हुआ है। रक्षा अधिकारियों ने जानकारी दी है कि विमान उस समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जब वह नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया जा रहा है। अधिक जानकारी



की प्रतीक्षा है।

**पायलट सुरक्षितः** अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, जो मिराज 2000 विमान क्रैश हुआ उसके पायलट घायल हुए हैं लेकिन सुरक्षित हैं। ये लड़ाकू विमान द्विन सीटर था। विमान के क्रैश होने की घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन ने तुरंत एक टीम को घटनास्थल के लिए रवाना किया है। वहीं, पुलिस मौके पर पहुंच गई है। विमान के क्रैश होने के बाद वह पूरी तरह से जल गया। इसका वीडियो भी सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, भारतीय वायुसेना का लड़ाकू विमान शिवपुरी जिले के बहरेटा सानी गांव के पास एक खेत में क्रैश हुआ। खेत में गिरते ही विमान में आग लग गई।

## हिंदू समाज विश्व का गुरु बनेगा: मोहन भागवत

**तिरुअनंतपुरम.**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने दो दिवसीय केरल दौरे पर पथानामथिट्टा हिंदू धर्म सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस बात में कोई दो राय नहीं है कि हिंदू समाज विश्व का गुरु बनेगा। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को अपना जीवन चलने के लिए हिंदू एकता की आवश्यकता है, उसमें से शक्ति उत्पन्न होगी, यह बताने के लिए और कोई तर्क देने की आवश्यकता नहीं है। विश्व में एक नियम है ,जो समाज संगठित है उस समाज का उत्कर्ष होता है, जो समाज विभक्त है, संगठित नहीं है, उस समाज का पतन होता है, इतिहास और वर्तमान दोनों इसके साक्षी है।

**हिंदू एक स्वभाव का नाम**

मोहन भागवत ने कहा कि शक्तिमान होने से बाकी विश्व को



भी खतरा भी हो सकता है, क्योंकि शक्ति तो शक्ति है ,उसको दिशा देने वाला मनुष्य होता है, उस शक्ति का उपयोग करने वाला होता है ,उसकी बुद्धि कैसी है, उस पर निर्भर है, दुष्ट लोग विद्या का उपयोग विवाद बढ़ने के लिए करते हैं, हम अपने चारों ओर देखते हैं तो ध्यान में आता है धन का उपयोग अपना मत बढ़ाने के लिए करते हैं, शक्ति का उपयोग दूसरों को पीड़ा देने के लिए करते हैं, लेकिन साधु लोगों का इससे उल्टा होता है, अच्छे लोग विद्या का उपयोग ज्ञान बढ़ाने के लिए करते हैं, धन का उपयोग दान करने के लिए करते हैं, शक्ति का उपयोग दूर्बल की रक्षा के लिए करते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू एकता विश्व के लिए उपकारी होगी,यह कैसे होगा, इसमें कोई शंका करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि हिंदू एक स्वभाव का नाम है, हिंदू में एक अनेक मत, पंथ, संप्रदाय है अनेक भाषाएं हो गई, विशाल देश अपना है जिसमें हिंदू रहता है।

### हिंदू शक्ति का उपयोग विश्व कल्याण के लिए होगा

उन्होंने आगे कहा, 'भूगोल अलग-अलग है, वातावरण अलग-अलग है, खान पान ,रहने की जगह भी अलग-अलग प्रकार की है, रेगिस्तान में रहने वाले लोग हैं, पर्वत की चोटी पर रहने वाले लोग हैं, समुद्र के किनारे रहने वाले लोग हैं, मैदान में रहने वाले लोग हैं, शहरों में रहने वाले लोग हैं, जंगलों में रहने वाले हैं, गांव में रहने वाले हैं सब प्रकार है, परंतु यह होने के बाद भी सबका एक स्वभाव है, उस स्वभाव का नाम हिंदू है, यदि स्वभाव का वर्णन करना है तो हम कह सकते हैं, हिंदू समाज धर्म प्राण है, इसलिए शक्ति का उपयोग विश्व कल्याण के लिये ही होगा।

## तेलंगाना में बड़े संकट की तरफ बढ़ रही है कांग्रेस ?

**हैदराबादः**

तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी के भीतर इन दिनों गहरी राजनीतिक हलचलें चल रही हैं, जो राज्य सरकार के लिए चिंताजनक बनती जा रही हैं। विधायकों, मंत्रियों और दलबदलू नेताओं के बीच की दरारें लगातार बढ़ती जा रही हैं, जो सरकार की स्थिति को कमजोर कर रही हैं। आज राजधानी हैदराबाद के मर्री चेन्ना रेड्डी मानव संसाधन विकास केंद्र में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हो रही है, लेकिन इन दरारों का असर इस बैठक पर भी देखने को मिल रहा है।

**कांग्रेस के 10 विधायकों ने की सीक्रेट मीटिंग**

जहां एक ओर कांग्रेस जाति जनगणना पर खुशी मना रही है, वहीं उसी के एक एमएलसी ने इस सर्वेक्षण की रिपोर्ट की कॉपी जला दी, जिससे पार्टी के अंदर उहापोह की स्थिति बन गई है। साथ ही, 10 ऐसे विधायक



भी हैं, जो बीआरएस से कांग्रेस में तो शामिल हुए, लेकिन बीआरएस ने कोर्ट का दरवाजा खटखटा कर उनकी स्थिति और मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

**मलन्ना ने जलाई जाति सर्वेक्षण रिपोर्ट की कॉपी**

ये विधायक मंत्रियों के रवैये से नाखुश हैं और आरोप लगा रहे हैं कि इन मंत्रियों द्वारा कुछ कामों को मंजूरी देने के बदले 'हिस्सा या प्रतिशत' की मांग की जा रही है। इन विधायकों का कहना है कि पार्टी के भीतर गहरे असंतोष की स्थिति पैदा हो रही है, जिससे नेतृत्व के प्रति विश्वास में कम हो रहा है।

**पहले भी पार्टी के कामों की आलोचना कर चुके हैं मलन्ना**

बता दें कि हाल ही में कांग्रेस के विधायक तीनमार मल्लन्ना उर्फ चिंतापंडु नवीन ने सामाजिक-आर्थिक जाति सर्वेक्षण की रिपोर्ट की कॉपियां जला दी थीं। मल्लन्ना, जो पहले भी अपनी पार्टी के कई नेताओं और कार्यों की आलोचना कर चुके हैं, ने इस सर्वेक्षण को कांग्रेस के हितों के खिलाफ मानते हुए उसका विरोध किया था। उन्होंने 2014 में तत्कालीन बीआरएस सरकार द्वारा किए गए एकीकृत घरेलू सर्वेक्षण की प्रशंसा की थी और कहा था कि कांग्रेस सरकार द्वारा वर्तमान सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कुछ और नहीं बल्कि अगड़ी जातियों का सर्वेक्षण है।

### सीएम ने कांग्रेस विधायकों को दिए ये निर्देश

वहीं, मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कांग्रेस विधायकों को संबोधित करते हुए जाति सर्वेक्षण और एससी वर्गीकरण जैसे ऐतिहासिक फैसलों को सही तरीके से जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया है। सीएम रेवंत ने विधायकों से कहा कि इस मुद्दे को लोगों के बीच फैलाने के लिए पार्टी को 2 बड़े सार्वजनिक कार्यक्रमों का आयोजन करना चाहिए।

# इनकम टैक्स पर नए बिल को मंजूरी देगी सरकार

> टैक्सपेयर्स को मिलेगी राहत

**नई दिल्ली.**

टैक्स सिस्टम को आसान और पारदर्शी बनाने के लिए केंद्र सरकार नया इनकम टैक्स बिल लेकर आ रही है। इस बिल को शुक्रवार यानि आज होने वाली कैबिनेट की बैठक में मंजूरी मिलने की संभावना है। इस मंजूरी के बाद अगले हफ्ते लोकसभा में बिल को पेश किया जा सकता है। बता दें कि इनकम टैक्स से जुड़े नए बिल के पास होने से टैक्स भरना आसान होगा। इससे जुड़े कानून को पढ़ने और समझने में आसान बनाने के लिए भाषा को सरल रूप देने के प्रयास किए गए हैं। समाचार एजेंसी एएनआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक, नया इनकम टैक्स बिल गुरुवार को संसद में पेश किया जाना था। हालांकि, अब खबर है कि इसे कल यानी शुक्रवार



को पेश किया जा सकता है। बता दें कि संसद का बजट सेशन 31 जनवरी को शुरू हुआ। सेशन का पहला भाग 13 फरवरी तक चलेगा और दूसरा सेशन 10 मार्च को फिर से शुरू होगा और 4 अप्रैल तक चलेगा।

इंडिया टुडे ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि नए डायरेक्ट कर कोड या नए आयकर बिल को शुक्रवार को कैबिनेट बैठक में मंजूरी मिल सकती है और इसे अगले हफ्ते लोकसभा में पेश किया जा सकता है। बता दें कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने केंद्रीय बजट 2025 के दौरान ऐलान किया था कि केन्द्र न्यू इनकम टैक्स बिल लाएगा। न्यू इनकम अधिनियम पुराने आयकर अधिनियम 1961 को बदलने और नियमों और धाराओं को सरल बनाने का प्रयास करेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को कहा, 'नया आयकर बिल क्लियर और डायरेक्ट होगा।'

**टैक्स ढांचे को अधिक टैक्सपेयर्स-फ्रेंडली बनाने की दिशा में कदम**

इसके अलावा, मुकदमेबाजी को कम करने पर ध्यान देने के साथ मौजूदा कानून में कई संशोधन पेश किए जाने की उम्मीद है। प्रोविजन में से एक में कुछ अपराधों के लिए दंड में कमी शामिल हो सकती है, जिससे टैक्स ढांचे को कम दंडात्मक और अधिक टैक्सपेयर्स-फ्रेंडली बनाया जा सकता है। नए बिल का एक महत्वपूर्ण पहलू कानूनी भाषा का सरलीकरण भी होगा, ताकि सामान्य टैक्सपेयर्स भी टैक्स प्रोविजन और उनके इम्प्लीकेशन को आसानी से समझ सकें।

## एसबीआई ने 84% मुनाफे में बढ़ोत्तरी की

**नई दिल्ली.**

देश के सबसे बड़ा सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने साबिक कर दिया है कि वो क्यों देश का सबसे बड़ा बैंक कहलाता है. सर्विस की बात हो या गांव-गांव तक नेटवर्क की. हर जगह इस बैंक ने बाजी मारी है. अब तिमाही मुनाफे ने भी साबित कर दिया है कि बड़ा होना किसको कहते है. देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक ने मुनाफे के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को तीसरी तिमाही में 84 फीसदी का जोरदार मुनाफा हुआ है.

देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 84 प्रतिशत बढ़कर 16,891 करोड़ रुपए हो गया. भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई)




का पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 9,164 करोड़ रुपए रहा था. एसबीआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 1,28,467 करोड़ रुपए हो गई, जो गत वित्त वर्ष की इसी अवधि में 1,18,193 करोड़ रुपए थी. समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की ब्याज आय सालाना आधार पर 1,06,734 करोड़ रुपए से बढ़कर 1,17,427 करोड़ रुपए हो गई.

परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर बैंक ने सुधार देखा और सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) दिसंबर 2024 के अंत में 2.07 फीसदी पर आ गईं, जो पिछले दिसंबर 2023 के अंत में 2.42 प्रतिशत थीं. इसी प्रकार, शुद्ध गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) भी सालाना आधार पर 0.64 फीसदी से घटकर 0.53 फीसदी रह गईं. वहीं एसबीआई समूह का एकीकृत शुद्ध लाभ इस अवधि में सालाना आधार पर 11,064 करोड़ रुपए से 70 फीसदी बढ़कर 18,853 करोड़ रुपए हो गया. एकीकृत कुल आय तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 1,53,072 करोड़ रुपए से बढ़कर 1,67,854 करोड़ रुपए हो गई.

## बजट में ऐलान के बाद इस शेयर में हलचल

**नई दिल्ली.**

बीते एक फरवरी को आम बजट में अलग-अलग इंडस्ट्री को लेकर कई बड़े ऐलान किए गए। बजट में फुटवियर इंडस्ट्री के लिए भी एक बड़ा ऐलान हुआ है। इस ऐलान के बाद फुटवियर से जुड़े शेयरों में हलचल मच गई है। इनमें से एक शेयर-एनबी फुटवियर लिमिटेड है। इस शेयर की कीमत में गुरुवार को तूफानी तेजी देखी गई। हालांकि, कुछ दिनों तक शेयर बिकवाली मोड में नजर आ गया था। एनबी फुटवियर लिमिटेड के शेयर की पिछली क्लोजिंग 16.25 रुपये थी। वहीं, गुरुवार को शेयर में 2 फीसदी का अपर सर्किट लगा और भाव 16.57 रुपये पर पहुंच गया। अक्टूबर 2024 में शेयर 20.94 रुपये तक पहुंच गया। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। मई 2024 में शेयर की कीमत 5.66 रुपये थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जूता-चप्पल (फुटवियर) और चमड़ा क्षेत्र के लिए एक केंद्रित योजना शुरू की जाएगी। इससे देश में घरेलू विनिर्माण, निर्यात एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। वाणिज्य विभाग में संयुक्त सचिव विमल आनंद के मुताबिक यह योजना फुटवियर और अन्य चमड़ा उत्पादों के उत्पादन के लिए आवश्यक डिजाइन क्षमता, घटक विनिर्माण और मशीनरी जैसे क्षेत्रों का समर्थन करेगी।

## अटलांटा इलेक्ट्रिकल्स का आईपीओ

> 400 करोड़ का फ्रेश इश्यू प्रस्तावित

**मुंबई.**

अटलांटा इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, जो भारत में बिजली, ऑटो और इन्वर्टर ड्यूटी ट्रांसफार्मर के अग्रणी निर्माताओं में से एक है, ने अपनी प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी का मानना है कि इसके ट्रांसफार्मर उत्पाद 200 मेगा वोल्ट-एम्प ("एमवीए") क्षमता और 220 किलोवोल्ट ("केवी") वोल्टेज तक के उच्चतम मानकों के अनुरूप हैं, जिससे इसे भारत में प्रमुख स्थान प्राप्त है।अटलांटा इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के प्रमोटर्स में क्रुपेशभाई नरहरिभाई पटेल, निरल क्रुपेशभाई पटेल, अमीश क्रुपेशभाई पटेल, तन्मय सुरेंद्रभाई पटेल, और पटेल परिवार ट्रस्ट शामिल हैं।आईपीओ के तहत 400 करोड़ रुपये का फ्रेश इश्यू प्रस्तावित किया गया है, जिसमें 2 रुपये प्रति शेयर के फेस वैल्यू पर 3,810,895 इक्विटी शेयरों की बिक्री की जाएगी। इसके अलावा, पात्र कर्मचारियों के लिए आरक्षित इक्विटी शेयरों का भी प्रावधान किया गया है।कंपनी की योजना है कि




शुद्ध आय का उपयोग बकाया उधारों का पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान, कार्यशील पूंजी जरूरतों और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।इश्यू में अटलांटा यूएचवी ट्रांसफॉर्मर्स एलएलपी (प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक) के 435,900 इक्विटी शेयर, हेमांग हरेंद्र शाह के 666,560 इक्विटी शेयर, निमिष हरेंद्र शाह के 777,185 इक्विटी शेयर, और अन्य विक्रय शेयरधारकों के 1,387,500 इक्विटी शेयर शामिल हैं।आईपीओ का मार्गदर्शन मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड और एक्सिस कैपिटल लिमिटेड करेंगे। पेश किए गए इक्विटी शेयरों को बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। यह कदम कंपनी के विकास और विस्तार के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो भारतीय शेयर बाजार में अपनी स्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

## कैंसर मुक्त मरीजों के लिए पिकलबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**नागपुर.**

भारत के प्रमुख कैंसर उपचार केंद्रों में से एक, एचसीजी कैंसर सेंटर नागपुर ने विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर कैंसरमुक्त मरीजों और उनके परिवारों के लिए एक विशेष पिकलबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता कैंसर से ठीक हुए मरीजों की दृढ़ता और संघर्ष को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई, साथ ही उन्हें खेल के माध्यम से एकजुट किया गया। इस कार्यक्रम का थीम "युनाइटेड बाय युनिक" था, जो जागरूकता और एकता को बढ़ावा देता है। प्रतियोगिता में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और मरीजों और उनके परिवारों ने मिलकर




डबल्स मैच खेले। पिकलबॉल खेल सरल और टीम भावना को बढ़ावा देने वाला था, जिससे यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद साबित हुआ। इसके साथ ही,'वेलनेस कार्यशाला' और 'रिलैक्सेशन जोन' जैसी पहलें भी आयोजित की गईं, जो मरीजों के पुनर्वास और मानसिक स्वास्थ्य को महत्व देती हैं। एचसीजी कैंसर सेंटर की सीईओ नीता राजवार और अन्य कैंसर विशेषज्ञों ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर मरीजों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का समापन कैंसरमुक्त मरीजों के अनुभवों के साथ हुआ, जिन्होंने अपने संघर्षों और सफलताओं की कहानी साझा की, जिससे अन्य लोगों को प्रेरणा मिली।

135 बेड की सुविधा के साथ सभी प्रकार के कैंसर उपचार के लिए अत्याधुनिक तकनीक उपलब्ध कराता है। यहाँ सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी और मेडिकल ऑन्कोलॉजी सहित सभी उपचार पद्धतियाँ एक छत के नीचे उपलब्ध हैं।कार्यक्रम का समापन कैंसरमुक्त योद्धाओं सुनीता दुबे,अनुपमा प्रधान, कु.आरती शिवहरे, रसिका पानोरकर और माधुरी कोहले के अनुभवों के कथन के साथ हुआ। उनके कैंसरमुक्त होने की यात्रा ने उपस्थित सभी को आशा, प्रेरणा और नई ऊर्जा का संदेश दिया।

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए बजट में नए टीडीएस लाभ

**नई दिल्ली.**

आम बजट में सरकार ने टीडीएस (टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स) से जुड़े कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं, जो विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों और किराए की संपत्ति से अर्जित आय वालों के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इस लेख में हम इन बदलावों का विश्लेषण करेंगे, ताकि आप इन्हें समझ सकें और अपने वित्तीय निर्णयों को बेहतर तरीके से ले सकें।सरकार ने वरिष्ठ नागरिकोंके लिए एक अहम कदम उठाया है। अब, अगर आप बैंक एफडी (फिक्स्ड डिपॉजिट) में निवेश करते हैं और वह एफडी किसी बुजुर्ग के नाम से की जाती है, तो आपको अतिरिक्त लाभ मिलेगा। उदाहरण के तौर पर, अगर आप खुद के नाम पर ₹3,00,000 का निवेश करते हैं और उस पर 7% ब्याज मिलता है, तो आपको ₹9,432 की कमाई होगी, जिस पर टीडीएस कटौती होगी। हालांकि, अगर आप यह एफडी किसी बुजुर्ग के नाम से कराते हैं, तो आपको बैंक से 0.5% अधिक ब्याज मिलेगा। इस प्रकार, आपके ₹3,00,000 के निवेश पर 7.5% ब्याज मिलेगा, जिससे ₹4,915 की कमाई होगी, और उस पर कोई टीडीएस कटौती नहीं होगी।सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज पर टीडीएस की सीमा को ₹50,000 से बढ़ाकर ₹1,00,000 कर दिया है। इसका मतलब यह है कि अब बुजुर्गों को बैंक एफडी से अधिक लाभ मिलेगा और टीडीएस कटौती का डर भी कम होगा। यह एक बड़ी राहत है, खासकर उन बुजुर्गों के लिए जो अपनी जीवनभर की कमाई एफडी में निवेश करते हैं। सरकार ने किराए की प्रॉपर्टी से अर्जित आय पर टीडीएस की सीमा में भी बदलाव किए हैं। पहले यह सीमा ₹2.5 लाख थी, जिसे अब बढ़ाकर ₹6 लाख कर दिया गया है। हालांकि, इसमें एक महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि अब मासिक आय पर ₹50,000 की सीमा लागू की गई है। इसका मतलब यह है कि अगर किराए की आय मासिक आधार पर ₹50,000 से अधिक होगी, तो उस पर टीडीएस काटा जाएगा।

## मस्क को क्रिप्टोकरेंसी ने पहुंचाया नुकसान

**नई दिल्ली.**

दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की फेवरेट क्रिप्टोकरेंसी ने निवेशकों को बीते एक हफ्ते में काफी मोटा नुकसान पहुंचाया है. ये नुकसान बिटकॉइन और इथेरियम से भी ज्यादा है. यहां पर डॉगीकॉइन की हो रही है. जिसे एलन मस्क लगातार सपोर्ट करते हुए दिखाई देते हैं. बीते एक हफ्ते में डॉगीकॉइन ने निवेशकों को 20 फीसदी से ज्यादा पहुंचाया है. वहीं दूसरी ओर दुनिया की टॉप 35 क्रिप्टोकरेंसी में से करीब आधा दर्ज से ज्यादा करेंसी ऐसी हैंख् जिनकी कीमत 20 फीसदी से ज्यादा कम हुई है. अगर बात बिटकॉइन और दूसरी करेंसी करें तो 6 से 18 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है. बिटकॉइन की कीमत में करीब 7 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है. जबकि इथेरियम एक हफ्ते में 11 फीसदी से ज्यादा नुकसान पहुंचा चुका है. जानकारों की मानें तो आने वाले दिनों में क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों में और भी गिरावट देखने को मिल सकती है. अगर बीते 24 घंटे की बात करें को क्रिप्टोकरेंसी मार्केट में मामूली इजाफा देखने को मिल रहा है. लेकिन अभी तक मार्केट कैप 3.25 ट्रिलियन डॉलर से नीचे बना हुआ है. जो बीते हफ्ते 3.6 ट्रिलियन डॉलर देखने को मिला था.

## रेपो रेट में होगी कटौती!

> इन शेयरों से इंट्रा-डे में बना पैसा

**नई दिल्ली.**

एशियाई मार्केट से मिले-जुले रुझान के बीच आज घरेलू मार्केट में लगातार दूसरे दिन बिकवाली का दबाव रहा। इस वित्त वर्ष 2025 के आखिरी एमपीसी की बैठक से एक दिन पहले आज बीएसई सेंसेक्स 213.12 प्वाइंट्स यानी 0.27% टूटकर 78058.16 और निफ्टी 50 भी 0.39% यानी 92.95 प्वाइंट्स फिसलकर 23603.35 पर बंद हुआ है। एमपीसी मीटिंग की बात करें पांच साल बाद आरबीआई रेपो रेट में कटौती कर सकता है, इसकी संभावनाएं जताई जा रही हैं। इंडिविजुअल स्टॉक्स की बात करें तो कुछ शेयरों में अपनी खास एक्टिविटी के चलते तेज हलचल रही। यहां इन शेयरों के बारे में उतार-चढ़ाव की वजह सहित डिटेल्स दी जा रही है। दिसंबर तिमाही के नतीजों के ऐलान के बाद वीआरएल लॉजिस्टिक्स के शेयर आज इंट्रा-डे में 20% उछलकर ₹559.50 के अपर सर्किट पर पहुंच गए। दिसंबर तिमाही में कंपनी का शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 4 गुना बढ़कर ₹59 करोड़ और रेवेन्यू 12% उछलकर ₹830 करोड़ पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का ऑपरेटिंग मुनाफा भी 78% उछलकर ₹72 करोड़ और मार्जिन 8 पर्सेंटेज प्वाइंट उछलकर 21% पर पहुंच गया। दिसंबर तिमाही के धमाकेदार नतीजे पर जाइडस लाइफसाइंसेज के शेयर आज इंट्रा-डे में 4.91% उछलकर ₹1026.30 पर पहुंच गए। दिसंबर तिमाही में कंपनी का कंसालिडेटेड नेट प्रॉफिट 30 फीसदी उछलकर ₹1023 करोड़ और ऑपरेशनल रेवेन्यू 17 फीसदी बढ़कर ₹5269 करोड़ पर पहुंच गया।

## टाटा मोटर्स और नाम फाउंडेशन का सहयोग

> जल संरक्षण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**मुंबई.**

टाटा मोटर्स ने जल संसाधनों की रक्षा और ग्रामीण समुदायों के उत्थान के लिए महाराष्ट्र सरकार के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत, राज्य के 20 से अधिक जिलों में पानी की कमी वाले क्षेत्रों में 1000 जलाशयों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। टाटा मोटर्स ने 2024 में 'गल मुक्त धरन गल युक्त शिवर योजना' के तहत महाराष्ट्र में 356 जलाशयों का पुनर्निर्माण किया था, जो कि जलाशयों में जमा गंदगी को हटाने और जल संरक्षण को बढ़ावा देने का एक सामुदायिक कार्यक्रम था। इस सफल पहल के बाद, अब इस कार्यक्रम का विस्तार विदर्भ और मराठवाड़ा जैसे पानी के अभाव वाले क्षेत्रों तक किया जाएगा। टाटा



मोटर्स के हेड, कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी, विनोद कुलकर्णी ने इस समझौते पर टिप्पणी करते हुए कहा, "हम महाराष्ट्र सरकार और नाम फाउंडेशन के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत करके गर्व महसूस कर रहे हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य में सूखा और पानी की कमी को दूर करना है, और इससे ग्रामीणों की आजीविका में सुधार होगा। महाराष्ट्र सरकार के मुख्यमंत्री कार्यालय की ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी, प्रिया खान ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा,यह कार्यक्रम एक आंदोलन बन चुका है, जो टाटा मोटर्स और नाम फाउंडेशन जैसे साझेदारों के योगदान से संभव हो सका है। साथ मिलकर हम जलाशयों का जीर्णोद्धार कर रहे हैं, ताकि राज्य में सूखा प्रभावित क्षेत्रों को राहत मिल सके।" इस साझेदारी से जल स्तर बढ़ाने, पीने योग्य पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने और सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर को सुधारने में मदद मिलेगी।

## कितना बड़ा है चॉकलेट मार्केट?

> वैलेंटाइन डे पर होता है अरबों का कारोबार

**नई दिल्ली.**

वैलेंटाइन वीक की शुरुआत आज यानि रोज डे से हो रही है. इन दिनों में फूलों से लेकर चॉकलेट और तमाम चीजों की सेल बढ़ जाती है. 9 फरवरी को चॉकलेट होने के चलते इस दिन चॉकलेट की भारी डिमांड रहती है. भारत में भी चॉकलेट का अरबों का है. समय और डिमांड के साथ ये तेजी से बढ़ रहा है. आम दिनों में तो चॉकलेट की खरीद बढ़ ही रही है लेकिन अकेले वैलेंटाइन वीक के दौरान ही अरबों की चॉकलेट का कारोबार हो जाता है. ऐसे में आइए डिटेल में जानते हैं भारत में कितना बड़ा है चॉकलेट का बाजार और वैलेंटाइन डे पर कितना होता है कारोबार.

भारत में चॉकलेट बाजार का आकार 2023 में 2.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर यानी 21 लाख करोड़ तक पहुंच गया. डिमांड को देखते हुए, समूह को उम्मीद है कि 2032 तक बाजार 5.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा, जो 2024-2032 के दौरान 7.7% की वृद्धि दर से आगे बढ़ सकता है. देशभर में ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म का



उदय, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय चॉकलेट उत्पादों की डिमांड के चलते चॉकलेट का बाजार बढ़ रहा है. टोटल मार्केट में वाइट चॉकलेट और मिल्क चॉकलेट का अच्छा खासा शेयर है. देश में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले चॉकलेट ब्रैंड में कैडबरी, नेस्ले, फरेरो रोचेर, अमूल, पार्ले, मार्स और हेर्शेय चॉकलेट्स शामिल हैं.

वैलेंटाइन डे पर चॉकलेट का कारोबार काफ़ी बढ़ जाता है. कई कंपनियां इस दिन खास चॉकलेट गिफ़्ट बॉक्स बनाती हैं और दिल के आकार के बॉक्स में चॉकलेट बेचती हैं. वैलेंटाइन डे पर चॉकलेट की कीमत 50 रुपये से लेकर 3,000 रुपये तक होती है. वैलेंटाइन डे पर चॉकलेट के साथ-साथ गुलाब भी ख़रीदे जाते हैं. वैलेंटाइन डे पर चॉकलेट की खास तैयारी के लिए कंपनियां दिल के आकार के बॉक्स में चॉकलेट बेचती हैं. वैलेंटाइन डे पर चॉकलेट की खास तैयारी के लिए कंपनियां पॉकेट फ्रेंडली चॉकलेट हैंपर भी बनाती हैं.


निकाल | महाराष्ट्र राज्य लॉटरी | महाराष्ट्र सह्याद्री | सोडत वार्ता 4:30 वाजता
• दीपलक्ष्मी विकली लॉटरी •
सोडत दर गुरुवार • सोडत क्रमांक 06 • तिकीट कि. रु. 15/- • सोडत दिनांक 06/02/2025

| | | | |
|---|---|---|---|
| पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- | SD-00 : 5189 | | |
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 4696 | | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1608 (किशोर लॉटरी सेंटर, सांगली) | 4617 | 5959 |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

चौथे बक्षीस रु. 700/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1111 | 2041 | 2737 | 4533 | 5298 |
| 1168 | 2092 | 2790 | 4548 | 5500 |
| 1500 | 2261 | 2847 | 4564 | 5505 |
| 1549 | 2276 | 3318 | 4606 | 5544 |
| 1609 | 2368 | 3360 | 4744 | 5650 |
| 1670 | 2372 | 3389 | 4888 | 5681 |
| 1760 | 2493 | 3624 | 5053 | 5895 |
| 1985 | 2510 | 4072 | 5254 | 5989 |

महाराष्ट्र सह्याद्री मासिक सोडत | तिकीट किंमत रु. 50/- | सोडत दिनांक 11-02-2025
22 लाख | 2 लाख | 12 लाख
महाराष्ट्र सह्याद्री दीपलक्ष्मी विकली लॉटरी | सोडत दिनांक 06/02/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

आकर्षक पुष्कराज विकली लॉटरी | सोडत दर गुरुवारी | तिकीट किंमत रु. 50/- | सोडत क्र. 06 सोडत दिनांक 06/02/2025
महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पहिले सामाईक बक्षिस रु. 7 लाख | AP-02 : 1964 | | | | | |
| उत्तेजनार्थ बक्षिस रु. 5000/- | पहिल्या बक्षीसाची विजेता मालिका सोडून इतर सर्व मालिकांसाठी 1964 | प्रिन्स लॉटरी सेंटर अँड जनरल स्टोअर्स - कल्याण, श्री गणेश एन्टरप्रायझेस - दादर, मुंबई | | | | |
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1044 | 3959 | 4527 | 6164 | 6168 | 6431 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1026 | 1061 | 1221 | 1429 | 2739 | 6012 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 1472 | 1640 | 2661 | 4451 | 5266 | 6103 |
| पाचवे बक्षिस रु. 200/- | 1929 | 4195 | 4656 | 4691 | 6387 | 6941 |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी) — सहावे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1687 | 2008 | 2299 | 2797 | 3197 | 3523 | 4043 | 4455 | 4990 | 5483 | 5820 | 6508 |
| | | 1688 | 2031 | 2330 | 2801 | 3230 | 3530 | 4049 | 4461 | 5035 | 5497 | 5843 | 6510 |
| 1001 | 1216 | 1689 | 2046 | 2353 | 2807 | 3232 | 3533 | 4066 | 4473 | 5040 | 5515 | 5847 | 6561 |
| 1002 | 1219 | 1699 | 2052 | 2392 | 2812 | 3255 | 3536 | 4067 | 4476 | 5051 | 5516 | 5850 | 6585 |
| 1010 | 1241 | 1701 | 2071 | 2393 | 2815 | 3256 | 3537 | 4086 | 4491 | 5054 | 5517 | 5854 | 6586 |
| 1014 | 1258 | 1712 | 2092 | 2424 | 2819 | 3273 | 3538 | 4099 | 4493 | 5057 | 5527 | 5873 | 6591 |
| 1016 | 1335 | 1714 | 2108 | 2432 | 2827 | 3275 | 3578 | 4117 | 4540 | 5075 | 5537 | 5877 | 6610 |
| 1017 | 1350 | 1718 | 2111 | 2441 | 2828 | 3283 | 3587 | 4145 | 4545 | 5088 | 5540 | 5905 | 6632 |
| 1031 | 1365 | 1721 | 2118 | 2447 | 2852 | 3294 | 3595 | 4149 | 4551 | 5095 | 5547 | 5906 | 6635 |
| 1038 | 1378 | 1738 | 2124 | 2467 | 2876 | 3300 | 3606 | 4152 | 4558 | 5127 | 5548 | 5938 | 6643 |
| 1052 | 1395 | 1744 | 2132 | 2477 | 2878 | 3302 | 3646 | 4174 | 4573 | 5150 | 5557 | 5951 | 6645 |
| 1055 | 1396 | 1752 | 2161 | 2479 | 2882 | 3303 | 3662 | 4209 | 4596 | 5164 | 5561 | 5975 | 6653 |
| 1058 | 1411 | 1754 | 2175 | 2517 | 2886 | 3314 | 3693 | 4216 | 4602 | 5165 | 5563 | 6034 | 6673 |
| 1065 | 1417 | 1770 | 2183 | 2536 | 2887 | 3319 | 3698 | 4235 | 4648 | 5171 | 5567 | 6042 | 6674 |
| 1067 | 1420 | 1771 | 2192 | 2564 | 2898 | 3322 | 3703 | 4241 | 4705 | 5185 | 5568 | 6053 | 6679 |
| 1091 | 1424 | 1785 | 2198 | 2582 | 2924 | 3324 | 3710 | 4244 | 4734 | 5205 | 5573 | 6062 | 6699 |
| 1104 | 1446 | 1807 | 2204 | 2598 | 2948 | 3332 | 3712 | 4245 | 4741 | 5214 | 5578 | 6093 | 6706 |
| 1107 | 1459 | 1813 | 2208 | 2606 | 2952 | 3333 | 3733 | 4252 | 4748 | 5223 | 5592 | 6135 | 6707 |
| 1109 | 1460 | 1814 | 2212 | 2613 | 2972 | 3352 | 3757 | 4266 | 4790 | 5228 | 5595 | 6143 | 6714 |
| 1111 | 1461 | 1816 | 2213 | 2625 | 2979 | 3355 | 3759 | 4301 | 4798 | 5263 | 5598 | 6176 | 6756 |
| 1118 | 1469 | 1817 | 2215 | 2628 | 3007 | 3357 | 3799 | 4307 | 4804 | 5282 | 5605 | 6193 | 6762 |
| 1120 | 1471 | 1841 | 2218 | 2629 | 3009 | 3360 | 3808 | 4332 | 4840 | 5295 | 5629 | 6195 | 6770 |
| 1140 | 1473 | 1866 | 2222 | 2632 | 3031 | 3361 | 3823 | 4349 | 4842 | 5305 | 5652 | 6206 | 6809 |
| 1143 | 1475 | 1870 | 2229 | 2634 | 3032 | 3362 | 3843 | 4384 | 4844 | 5315 | 5673 | 6306 | 6825 |
| 1150 | 1483 | 1877 | 2235 | 2645 | 3033 | 3369 | 3847 | 4385 | 4863 | 5334 | 5686 | 6337 | 6831 |
| 1153 | 1497 | 1881 | 2243 | 2705 | 3036 | 3371 | 3856 | 4388 | 4874 | 5339 | 5705 | 6339 | 6838 |
| 1154 | 1523 | 1897 | 2245 | 2712 | 3060 | 3377 | 3901 | 4395 | 4884 | 5368 | 5717 | 6369 | 6860 |
| 1161 | 1533 | 1910 | 2250 | 2713 | 3063 | 3378 | 3919 | 4403 | 4903 | 5369 | 5722 | 6370 | 6863 |
| 1166 | 1561 | 1911 | 2254 | 2721 | 3075 | 3389 | 3930 | 4404 | 4917 | 5382 | 5749 | 6395 | 6867 |
| 1170 | 1597 | 1913 | 2255 | 2723 | 3083 | 3407 | 3937 | 4427 | 4924 | 5387 | 5754 | 6406 | 6868 |
| 1171 | 1601 | 1915 | 2257 | 2724 | 3093 | 3426 | 3967 | 4428 | 4941 | 5389 | 5778 | 6416 | 6923 |
| 1183 | 1603 | 1919 | 2262 | 2725 | 3131 | 3429 | 4004 | 4435 | 4944 | 5396 | 5784 | 6434 | 6942 |
| 1185 | 1616 | 1971 | 2263 | 2727 | 3137 | 3498 | 4020 | 4439 | 4945 | 5399 | 5793 | 6440 | 6951 |
| 1190 | 1621 | 1974 | 2264 | 2730 | 3151 | 3509 | 4024 | 4446 | 4974 | 5414 | 5795 | 6464 | 6967 |
| 1192 | 1639 | 1981 | 2273 | 2736 | 3155 | 3513 | 4029 | 4447 | 4979 | 5440 | 5797 | 6494 | 6971 |
| 1214 | 1686 | 1991 | 2288 | 2758 | 3167 | 3514 | 4042 | 4448 | 4982 | 5459 | 5801 | 6501 | 6996 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी | महाराष्ट्र तेजस्विनी मासिक सोडत | सोडत दिनांक 21/02/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 50 लाख (रु. 25 लाखाची 2 बक्षिसे) | दुसरे बक्षिस ₹10 लाख (रु. 10 हजाराची 100 बक्षिसे) | तिसरे बक्षिस ₹5 लाख (रु. 5 हजाराची 100 बक्षिसे)
आकर्षक पुष्कराज | सोडत दिनांक 06/02/2025 | छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. | प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

# खारघर मर्डर मामले में गरमाई महाराष्ट्र की राजनीति

## > मंत्री नितेश राणे ने लगाए आरोप



**मुंबई.**

राज्य के खारघर में एक युवक शिवकुमार शर्मा की मौत के मामले में राज्य की राजनीति गरमाई गई है. महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री नितेश राणे ने इस बाबत मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखा है और आरोप लगाया है कि खारघर में हुई हिंदू युवक की हत्या में दो मुस्लिम युवकों का हाथ है. उन्होंने आरोप लगाया कि मामूली सी बात पर हेलमेट से पीट-पीटकर मार डाला गया.

हमले के बाद से दोनों आरोपी फरार है और पुलिस उनकी तलाश में जुटी है. खारघर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दीपक सुर्वे ने बताया कि पीड़ित और आरोपी दोनों एक ही रस्ते से जा रहे थे. आरोपी स्कूटी से जा रहा था और पीड़ित बाइक से जा रहा था. पुलिस का कहना है कि पीड़ित आरोपी को टेकओवर कर आगे निकल गया था. उससे नाराज होकर आरोपी ने उसका पीछा किया और सिग्नल के पास उसे रोककर झगड़ा शुरू कर दिया. दोनों के बीच काफी तेज बहस हुई. इसी बीच आरोपी ने अपने हेलमेट से पीड़ित व्यक्ति के सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के दौरान सर में ब्लॉट क्लॉटिंग होने के कारण मौत हो गई.

पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों को मदद से आरोपीयो की तलाश शुरू कर दी है. आरोपी के खिलाफ 42 /2015, भारतीय न्याय संहिता, कलम 103 (1), 351 (3), 3 (5) के तहत मामला दायर किया गया है. पुलिस का कहना है कि एक आरोपी की उम्र लगभग 22 वर्ष है. रंग गोरा है. फुल बेबी कुर्ता व पायजामा पहने हुआ है. पैरों में काली सैंडल, हाथ में सफेद हेलमेट और दूसरे आरोपी की उम्र लगभग 25 वर्ष है. रंग गोरा है. काले रंग का पूरा महिलाओं वाला जब्बा पैरों तक पहना है. पैरों में काले रंग की चप्पल है. आरोपी को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है.दोनों आरोपी हत्या के बाद से फरार है और जांच की जा रही है.

### कार्यक्रम के आयोजकों पर कार्रवाई की मांग

नितेश राणे ने मांग की कि आरोपी धार्मिक सम्मेलन इज्तिमा से आरोपी लौट रहे थे. खारघर में इज्तिमा का कार्यक्रम 31 जनवरी से 2 फरवरी तक था. इस कार्यक्रम में से लौटते हुए मुस्लिम युवाओं ने जमकर उत्पात मचाया और छोटी सी बात पर मोटरसाइकिल पर सवार युवक की जान ले ली. यह घटना नवी मुंबई में 2 फरवरी की रात साढ़े 8 बजे हुई थी. उन्होंने सीएम से मांग की कि खारघर, नवी मुंबई में आयोजित इस्तिमा कार्यक्रम के आयोजकों पर मामला दर्ज कर गिरफ्तार करने का आदेश दिया जाए और उच्च स्तरीय समिति के माध्यम से जांच भी कराई जाए.

## कार की चपेट में आने से बच्चे की मौत

**नासिक.** शहर के होटल एक्सप्रेस इन के परिसर में एक कार के नीचे चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। इस मामले में इंदिरानगर थाने में संदिग्ध ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बच्चे का नाम ध्रुव राजपूत है। इस संबंध में उसके पिता अजीत राजपूत (37, उपेंद्रनगर) ने शिकायत दर्ज कराई है। यह घटना बुधवार शाम को मुंबई-आगरा राजमार्ग पर स्थित एक्सप्रेस इन होटल परिसर में घटी। मृतक बच्चे के पिता ओला और उबर में पंजीकृत मोटरसाइकिल चलाते हैं। बुधवार शाम को वह अपने बेटे ध्रुव और बेटी हर्षदा के साथ एक ग्राहक को छोड़ने होटल एक्सप्रेस इन गए थे। जब ग्राहक को होटल में छोड़ा जा रहा था, तो उसके दो बच्चे आंगन में खेल रहे थे। उसी समय, ध्रुव को एक कार के नीचे पाया गया जो तेजी से होटल के प्रवेश द्वार से गुजरी थी। ऐसा कहा जाता है कि एक पहिया उसके शरीर के ऊपर से गुजरा था। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, डॉक्टरों ने उससे पहले ही उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में इंदिरानगर थाने में संदिग्ध चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## गुणवत्तापूर्ण सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश

**नासिक.**



शहर में सोने की चेन की चोरी और छीनने की घटनाओं को देखते हुए स्वर्णकारों को उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने चाहिए, शस्त्र लाइसेंस के बारे में पेशेवरों को सूचित करना चाहिए, स्वर्णकारों की दुकानों के आसपास अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम से पत्राचार करना चाहिए और दुकानों के खुलने का समय बढ़ाना चाहिए। नासिक स्वर्णकार संघ और नासिक पुलिस आयुक्तालय के बीच हुई बैठक में इन मुद्दों पर चर्चा की गई और सुझाव दिए गए।

पुलिस आयुक्त संदीप कार्णिक ने आश्वासन दिया कि बैठक में संगठन द्वारा की गई शिकायतों का तुरंत समाधान किया जाएगा। कार्णिक ने सुझाव दिया कि शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा सोने की चेन चोरी, सेंधमारी और डकैती जैसे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सभी दुकानदार अच्छी गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाएं। बताया गया कि पुलिस आयुक्त कार्यालय आभूषण दुकानों के आसपास अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम से पत्राचार करेगा। ज्वैलर्स की ओर से राजेंद्र डिंडोरकर ने आयुक्त से सतर्कता समिति गठित करने, ज्वैलर्स को शस्त्र लाइसेंस के बारे में जानकारी देने, ज्वैलर्स मार्केट में उत्तराधिकार अधिनियम और नो-वेंडर जोन नियमों को प्रभावी रूप से लागू करने, ज्वैलर्स की दुकानों को बंद करने का समय रात 10 बजे तक करने जैसी मांगें कीं। आयुक्त कार्णिक ने ज्वैलर्स से अपील की कि यदि उन्हें कोई समस्या हो तो वे सीधे पुलिस या वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क करें। उन्होंने शहर को सुरक्षित बनाने के लिए पहल करने और हमारी दुकानों के आसपास के क्षेत्रों और उन जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का सुझाव दिया, जहां से सड़कें दिखाई देती हैं।

## पुणे ग्रामीण क्षेत्रों में गिलियन-बैरे रोग के मरीज बढ़े

**इंदापुर.** राज्य में गिलियन-बैरे रोग के मरीजों की संख्या पुणे संभाग में अधिक है, लेकिन पुणे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में इस रोग के 21 मरीज पाए गए हैं। जबकि पुणे नगर निगम और पिंपरी चिंचवड़ नगर निगम ने हर जगह पानी के नमूने और चिकन के नमूनों की जांच करने का अभियान चलाया है, पुणे जिले के ग्रामीण इलाकों में, चिकन केंद्र के अपशिष्ट, मृत चिकन पंख, पैर और आंतों जैसे गंदे, सड़े और बदबूदार अवशेषों के बड़े बैग पुणे-सोलापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर फेंके जा रहे हैं। इससे इस सड़क पर यात्रा करने वाले हजारों लोगों का स्वास्थ्य खतरे में पड़ गया है, तथा राजमार्ग के किनारे बसे स्थानीय और आस-पास के किसानों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इससे क्षेत्र के किसानों का स्वास्थ्य खतरे में पड़ गया है। पुणे-सोलापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मृत पशुओं के अवशेष, गंदगी और बूचड़खानों से निकलने वाली बदबू को फेंकने की घटनाएं बार-बार होती रही हैं। हालांकि नागरिक समय-समय पर इस संबंध में स्थानीय पुलिस व प्रशासन को जानकारी देते रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## 'आदर्श आपले सरकार केंद्र' से ठाणे में स्मार्ट प्रशासन




**ठाणे.** प्रौद्योगिकी के बढ़ते प्रभाव के कारण विभिन्न क्षेत्रों में डिजिटल क्रांति आ रही है। हालाँकि, सरकारी प्रणालियों में आधुनिक प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग एक बड़ी चुनौती है। इस चुनौती का सामना करते हुए ठाणे जिला परिषद डिजिटल युग में कदम रखती नजर आ रही है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के मार्गदर्शन में पिछले वर्ष विभिन्न योजनाओं के लिए स्मार्ट एप्लीकेशन विकसित किए गए हैं। छात्र गुणवत्ता परीक्षण के लिए 'दिशा ऐप', मानसिक स्वास्थ्य जांच के लिए 'मायका' और हाल ही में लॉन्च किए गए 'आदर्श आपले सरकार केंद्र' जैसे ऐप की मदद से ठाणे जिला परिषद स्मार्ट प्रशासन की ओर बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है।

प्रौद्योगिकी का उपयोग कई कार्यों को आसान और अधिक सुविधाजनक बना देता है। ठाणे जिला परिषद प्रशासन ने पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न एप्लीकेशन और वेबसाइट बनाई हैं, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के लिए इस तकनीक को सुलभ बनाना है, जिससे इस तकनीक के बारे में उनके डर को कम किया जा सके। जिला परिषद स्कूलों में विद्यार्थियों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए दिशा परियोजना क्रियान्वित की गई है। इस परियोजना के अंतर्गत एक एप्लीकेशन बनाया गया है। छात्रों का परीक्षण उस एप्लीकेशन पर किया जाता है। यह एप्लिकेशन कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग करके बनाया गया है। यह एप्लीकेशन जिला परिषद स्कूल में प्रत्येक छात्र के गुणवत्ता स्तर को समझने में मदद करता है और शिक्षकों को प्रत्येक छात्र पर विशेष ध्यान देने में सक्षम बनाता है। इसलिए, मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए 'मायका' ऐप बनाया गया है। बढ़ते कार्य तनाव के कारण कर्मचारी अक्सर मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा करते हैं। तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं के बढ़ने के साथ, कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है। इस ऐप को इसी उद्देश्य से विकसित किया गया है। यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से चैटबॉट के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान करता है। इस ऐप का उपयोग मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित शंकाओं को दूर करने और विशेषज्ञ सलाह लेने के लिए किया जा रहा है।

## 'ठाणे हम सबका' बताते हुए वन मंत्री ने की समाधान की योजना



**ठाणे.** ठाणे को हम सबका बताते हुए वन मंत्री गणेश नाईक ने बुधवार रात ठाणे में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो वे इस शहर की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों की बैठक बुलाएंगे। उन्होंने यह भी दोहराया कि कोई भी कहीं भी जनता दरबार लगा सकता है और कहा कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार के मंत्रियों को भी नवी मुंबई में जनता दरबार लगाने को कहा गया है।

ठाणे के पचपाखड़ी क्षेत्र में वंदे मातरम संघ द्वारा माघी गणेशोत्सव का आयोजन किया गया था और वन मंत्री गणेश नाईक बुधवार रात यहां दर्शन के लिए आए थे। उस समय पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने जनता दरबार पर टिप्पणी की थी। मुझे ठाणे जिले का आधिकारिक संचार मंत्री नियुक्त किया गया है । नाईक ने कहा, "इसलिए, मैं पालघर जिले का संरक्षक मंत्री हूं।" कोई भी कहीं भी सार्वजनिक बैठक आयोजित कर सकता है। महायुति के सभी मंत्री जहां चाहें वहां यह जनता दरबार लगाएं। जनता दरबार का मतलब है लोगों की समस्याओं को समझना और उनका समाधान करना। नाइक ने कहा, "इसमें कोई तुक नहीं है।" उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार के मंत्रियों से भी नवी मुंबई में एक सार्वजनिक बैठक आयोजित करने को कहा है ।




**पैठण में संत ज्ञानेश्वर उद्यान, जो लगभग एक दशक से वीरान पड़ा था, 26 जनवरी से फिर से खुल गया है। प्रतिदिन पार्क के आकर्षक रंगीन और संगीतमय फव्वारों की सुंदरता देखने के लिए पर्यटक आ रहे हैं। इससे पर्यटन पर निर्भर व्यवसायों को बढ़ावा मिल रहा है, तथा ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि पैठण की अर्थव्यवस्था का धीमा चक्र फिर से गति पकड़ने लगा है।**

## स्वप्निल बांदेकर समेत 4 लोगों पर फिरौती का आरोप

**वसई.** नवघर पुलिस ने एक व्यापारी से 10 करोड़ रुपये की फिरौती मांगने के आरोप में शिवसेना के पूर्व नगरसेवक स्वप्निल बांदेकर समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, शिकायतकर्ता व्यवसायी ने आरोप लगाया है कि इस मामले का मास्टरमाइंड कोई और है। पुलिस से मामले की गहनता से जांच कर उसे गिरफ्तार करने की मांग की गई है। इस बीच, आरोपियों को पांच दिन की अतिरिक्त पुलिस हिरासत दी गई है।

निर्माण पेशेवर आकाश गुप्ता (34) वर्ली में एक झुग्गी पुनर्विकास परियोजना पर काम कर रहे हैं। शिवसेना (ठाकरे गुट) के पूर्व नेता स्वप्निल बांदेकर ने इस परियोजना के खिलाफ विभिन्न स्थानों पर शिकायतें दर्ज कराई थीं। बांदेकर ने मामला निपटाने के लिए 10 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी।

## रिक्शा-डंपर की टक्कर में एक की मौत

**पुणे.** रिक्शा और डम्पर के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में रिक्शा में सवार एक यात्री की मौत हो गई तथा दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना बुधवार (5 फरवरी) को दोपहर करीब 1:30 बजे पुरानी कटराज सुरंग से आगे मंगदेवाड़ी इलाके में हुई। इस दुर्घटना में अर्जुन राय की मौत हो गई तथा विजय कुमार यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। सरोजकुमार सदाय (उम्र 38, निवासी वेलु, भोर तालुका, पुणे जिला ) ने अम्बेगांव पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने रिक्शा व डम्पर चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार डम्पर चालक ने यातायात नियमों की अनदेखी करते हुए डम्पर को लापरवाही से चलाया। इसलिए, रिक्शा चालक ने क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाकर रिक्शा तेज गति से चलाया। मंगदेवाड़ी क्षेत्र में दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिससे रिक्शा में बैठे वादी के पिता और भाभी को मामूली चोटें आईं। अर्जुन राय की मौत हो गई तथा विजय कुमार यादव गंभीर रूप से घायल हो गए।

## सीमेंट मिक्सर से 10 वर्षीय छात्र की मौत

**मुंबई.**

बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) इलाके में सीमेंट मिक्सर की चपेट में आने से 10 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। दुर्घटना में उसका छह वर्षीय भाई भी घायल हो गया। दोनों भाई-बहनों को स्कूल लाने-ले जाने की जिम्मेदारी एक रिक्शा चालक को सौंपी गई। लेकिन दुर्घटना उस समय हुई जब रिक्शा चालक उन्हें रिक्शा की बजाय दोपहिया वाहन पर घर ला रहा था। इस मामले में बीकेसी पुलिस ने सीमेंट मिक्सर चालक और रिक्शा चालक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज किया है।

## साईंबाबा संस्थान में निःशुल्क भोजन प्रसाद का बदला नियम

**शिर्डी.** शिर्डी स्थित साईं बाबा संस्थान पिछले कुछ दिनों से चर्चा में है.शिर्डी श्री साईबाबा संस्थान ने निःशुल्क प्रसाद भोजन के संबंध में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है.साई बाबा के दर्शन के लिए अब आने वाले भक्तों को टोकन से मुफ्त भोजन दिया जाएगा. भक्तों को अब साई प्रसादालय में मुफ्त भोजन के लिए कूपन दिए जाएंगे. शिर्डी साईंबाबा संस्थान ने गुरुवार से यह नियम लागू करने का ऐलान किया है.

ये कूपन साईं बाबा के दर्शन के बाद कतार में लगे उदी काउंटर पर वितरित किए जाएंगे. यह निर्णय शिरडी में बढ़ती अपराध दर के मद्देनजर लिया गया है. शिर्डी में बढ़ते अपराध को रोकने के लिए विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं. पिछले कई वर्षों से भक्तगण शिरडी में श्री साईं बाबा के दर्शन के बाद साईं प्रसादालय में निशुल्क भोजन का लाभ उठाते रहे हैं. शिर्डी में प्रतिदिन 50 से 60 हजार लोग भोजन करते हैं.




### सुजय विखे की हुई थी आलोचना

अब केवल कूपन वाले लोगों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। कुछ दिन पहले पूर्व सांसद और भाजपा नेता सुजय विखे ने कहा था कि शिर्डी में मुफ्त भोजन बंद कर देना चाहिए. उन्होंने कहा था कि शिर्डी में दिए जा रहे निःशुल्क भोजन के कारण राज्य के सभी भिखारी शिर्डी की ओर आकर्षित होने लगे है, जिसकी वजह से अपराधियों की संख्या बढ़ रही है. हालांकि इसके लिए सुजय विखे की आलोचना भी हुई थी.

हालाँकि,अब भोजन के लिए कूपन की आवश्यकता होगी. शिरडी साईंबाबा संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोरक्ष गाडिलकर ने बताया कि प्रसादालय में कूपन प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त व्यवस्था भी की जाएगी.

## 97 छात्रों के लिए दो शिक्षक

**मुंबई.** घाटकोपर स्थित पंतनगर नगर निगम उच्च प्राथमिक हिंदी स्कूल में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को केवल दो शिक्षक पढ़ा रहे हैं। इनमें पहली से तीसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए एक आंगनवाड़ी शिक्षक की नियुक्ति की गई है। अध्यापन हेतु पूर्ण शैक्षिक योग्यता न होने के बावजूद इस शिक्षक की नियुक्ति से छात्रों को शैक्षिक क्षति हो रही है। अभिभावक भी पर्याप्त और नियमित शिक्षकों की कमी पर गुस्सा व्यक्त कर रहे हैं। नगर पालिका में कई शिक्षक प्रतिनियुक्ति पर अन्य कार्यालयों में काम कर रहे हैं। हालाँकि, इसका परिणाम यह होता है कि नगर निगम के स्कूलों में छात्रों को पढ़ाने के लिए शिक्षकों की संख्या अपर्याप्त हो जाती है।

नगर पालिका के शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों के मानक और शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए विभिन्न उपाय और पहल कार्यान्वित की जाती हैं। हालांकि, पिछले कई महीनों से घाटकोपर के पंतनगर स्कूल में पर्याप्त और नियमित शिक्षकों की कमी के कारण छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है। आरटीई नियमों के अनुसार कक्षा 1 से 5 तक प्रत्येक 25 छात्रों पर एक शिक्षक होना अनिवार्य है।

## आज का राशिफल

मेष - मन परेशान रहेगा। मन में निराशा व असंतोष के भाव हो सकते हैं। क्रोध व आवेश के अतिरेक से बचें।

वृषभ - वाणी में मधुरता तो रहेगी, परंतु मन अशांत रहेगा। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें।

मिथुन - मन अशांत रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में भी संतुलित रहें। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

कर्क - आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी।

सिंह - आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। लाभ में भी वृद्धि होगी।

कन्या - मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

तुला - मन में शांति व प्रसन्नता तो रहेगी। फिर भी अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार का साथ मिलेगा।

वृश्चिक- मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। कारोबारी कार्यों में मन लगेगा। कारोबार का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

धनु - मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी हो सकती है। संयत रहें। बातचीत में संतुलन बनाए रखें।

मकर- आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परंतु मन अशांत भी हो सकता है। मन में नकारात्मक विचारों से बचें। माता की सेहत का ध्यान रखें।

कुंभ - मन अशांत रहेगा। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। वाणी के प्रभाव से कारोबार बढ़ेगा।

मीन- मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। संतान सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख-शांति रहेगी।


**कार्यालय नगरपरिषद कन्हान पिपरी, कन्हान तहसील पारशिवनी, जिल्हा नागपुर 441401**

Ph: 07102 236189

E-mail: kantuuspiprinagarparishad@gmail.com

जा क्रमांक नपकापि पापुवि/ मुअ २७२९/ २०२५ दिनांकः ०६/०२/२०२५

**पाणी पुरवठा व स्वच्छता विभाग**
**निविदा सूचना क्र. ०७ (२०२४-२५)**

मुख्याधिकारी नगर परिषद कन्हान पिपरी ता. पारशिवनी जी. नागपूर यांचेकडून शासनमान्य मॉडमीकृत व पात्र संस्थेद्वारे द्वी लिफाफा पद्धतीने विविध प्रभागात पाईपलाईन टाकणे ई. कामे करण्याकरिता दिनांक १३५०२ २०२५ पर्यंत निविदा मागविण्यात येत आहे. या निविदेच्या पूर्व अहर्ता अटी व सविस्तर निविदा सूचना नगर परिषद कार्यालय येथे पाहण्यास उपलब्ध आहे.

शिक्का

स्वा./-
मुख्याधिकारी
नगर परिषद कन्हान पिपरी



**निविदा सूचना क २६/२०२४-२५ - प्रथम वेळ**

निविदा सुचना क्र.२६/२०२४-२५ प्रथम वेळ शिक्षण विभाग प्राथमिक समग्र शिक्षा बांधकाम शाखा जिल्हा परिषद नागपुच्या सुचना फलकावर प्रसिध्द करण्यात आलेले आहे.या मध्ये अ.क्र. ०२ कामाचा समावेश आहे.

| अ. क्र. | तपशिल | निविदा विक्रिचा दिनांक | निविदा स्विकृती दिनांक |
|---|---|---|---|
| ०१. | जि.प. आदर्श शाळा आजनी येथे विद्युतीकरण करणे. | दिनांक ०६/०२/२०२५ ते दि.२१/०२/२०२५ सायं-३.०० वाजेपर्यंत | |
| ०२. | जि.प.आदर्श शाळा शेडेश्यर येथे विद्युतीकरण करणे. | | |

निविदेतील अटी व शर्ती शिक्षण विभाग प्राथमिक समग्र शिक्षा बांधकाम शाखा जिल्हा परिषद नागपुरच्या सुचना फलकावर उपलब्ध आहे. सदर कामाकरीता निविदा फार्मची किंमत व कामाच्या किमतीच्या १ टक्के अनामत रक्कम (शिक्षणाधिकारी प्राथ जि.प. नागपुर) यांचे नावे D.D स्वरुपात सादर करावी. निविदा दिनांक २४/०२/२०२५ ला दु.०३.०० नंतर उघडण्यात येईल. यांची नोंद घ्यावी.

स्वा./-
कार्यकारी अभियंता समग्र शिक्षा
जिल्हा परिषद नागपुर



**कार्यालय नगर परिषद सावनेर जिल्हा नागपुर**

क्रमांक-नपसा/पा.पु.वि./नि.सू./ 435/२०२५ दिनांकः ०६/०२/२०२५

**निविदा सूचना**

मा. मुख्याधिकारी, मगर परिषद सावनेर, जिल्हा नागपूर यांचे वतीने खालील कामाच्या वी-१ दोन लिफाफा पद्धतीने पाणी व आरोग्य विभागा करिता खालील कामासंबंधितकंत्राटदारांकडून/पुरवठा धारकांकडून निविदा दर मागविण्यात येत आहे. सदर कामाच्या निविदा दि.07/०२/२०२५ ला सकाळी ११.०० वाजता पासून ते दि. 14/०१/२०२५ ला दुपारी ०४.०० वाजेपर्यंत त्यांचा कालावधीत कामाचे सीलबंद लिफाफ्यात या कार्यालयात सादर करावयाचा आहेत. कामाचा तपशील खालील प्रमाणे आहे. सदर कामाचे निविदा पत्रक दि.०८/०२/२०२५ पासून ते दि.६/०१/२०२५ पर्यंत सबंधित कार्यालयातून प्राप्त करता येईल. कामाचा तपशील खालीलप्रमाणे आहे.

| अ. क्र. | कामाचे नाव | अंदाजपत्रकीय किमत | निविदा प्रपत्र | अनामत रक्कम | काम पूर्ण करण्याचा कालावधी |
|---|---|---|---|---|---|
| १. | न.प. सावनेर पाणी टंचाई योजनेंतर्गत पाणबुडा मोटार पंप व इत्तर साहित्य खरेदी करणे हँडपंप व बोरवेल फ्लशिंग करण्याचे काम करण्याबाबत. | ६४२९९४/- | ५००/- | ५०००/- | कार्यदिश मिळाल्यापासून १ महिन्यापर्यंत |

**अटी व शर्ती :-**

१) शक्य झाल्यास प्राप्त निविदा त्याच दिवशी सायंकाळी ५ वाजता निविदाधारकांना समक्ष उघडण्यात येईल.
२) कोणती एक अथवा सर्व निविदा रद्द करण्याचे अधिकार मा. मुख्याधिकारी यांना राहतील.
३) निविदा संबंधित इत्तर सर्व अटी व शर्ती कार्यालयीन वेळेस पहावयास मिळेल.

स्वा./-
(किरण बगडे)
मुख्याधिकारी नगर परिषद सावनेर

## सुविचार

तुम किताबों के सामने झुक जाओ,
ये तुम्हारे सामने दुनिया झुका देगी.

## संपादकीय

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही मनरेगा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा से जुड़े श्रमिक लगातार बेरोजगार हो रहे हैं। यह सिलसिला चार वर्षों से जारी है। इस दौरान कई आरोप लगे और सरकार ने सफाई भी दी। मगर अब केंद्र ने अंततः स्वीकार कर लिया है कि वर्ष 2022 से 2024 के मध्य एक करोड़ पचपन लाख से अधिक मजदूरों के नाम हटा दिए गए हैं। आश्चर्य है कि करोड़ों नागरिकों को हर महीने प्रति व्यक्ति पांच किलो अनाज तो दिया जा रहा है, लेकिन काम नहीं।

मनरेगा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवारों के वयस्क सदस्यों को साल में सौ दिन रोजगार देना था। मगर केंद्र की यह महत्त्वाकांक्षी योजना धीरे-धीरे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती गई। धांधली होने लगी, फर्जी कार्ड बनने लगे। यह दुखद ही है कि ग्रामीण बेरोजगारों के लिए धरातल पर उतारी गई योजना पंचायतों, ग्राम प्रधानों और रोजगार सेवकों की मिलीभगत के कारण बर्बाद हो गई।

यह निराशाजनक है कि जो लाखों श्रमिक काम कर रहे थे, अब वे खाली बैठ गए हैं। मनरेगा के माध्यम से प्रतिवर्ष ग्रामीण इलाकों में रोजगार का सृजन किया जाता है। इस योजना में सरकार हर वर्ष बड़ा निवेश करती है। वित्तवर्ष 2024-25 में ही छियासी हजार करोड़ रुपए की राशि आबंटित की गई। यह समझ से परे है कि इतना बड़ा बजट रखने के बावजूद इस योजना से जुड़े श्रमिक क्यों हटाए जा रहे हैं। जबकि संवैधानिक प्रतिबद्धता जताई गई है कि मनरेगा के जरिए ग्रामीण भारत के नागरिकों को देश के विकास से जोड़ा जाएगा। शहरों की तरह गांवों में भी रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

'जाब कार्ड' बनने पर भी श्रमिकों को पता नहीं होता कि उनके खाते में पैसा आया भी कि नहीं। योजना का संचालन कर रहे लोगों के फर्जीवाड़े का ही नतीजा है कि वित्तवर्ष 2023-24 में 85 लाख कार्ड हटा दिए गए थे। यह कोई नई बात नहीं, इससे पहले भी कई राज्यों से मनरेगा सूची से नाम हटाए जाते रहे हैं। बजट राशि भी घटाई जाती रही है। मगर यह कोई उचित रास्ता नहीं कहा जा सकता। सरकार को इसे दुरु स्त करने का तरीका सोचना चाहिए, न कि इसमें कटौती का। अगर यही क्रम रहा तो इस योजना का औचित्य ही क्या रहेगा?

डॉ. एम.ए.रशीद, नागपुर

शुक्रवार स्पेशल

भाग (74)

# जनसेवा में मुज़ारिबत का तरीक़ा



### मुस्लिम समुदाय में पूंजीपतियों को ऐसी कम्पनियां क़ायम करना चाहिए

किसी भी कारोबार के लिए पूंजी एवं श्रम दोनों की आवश्यकताएं होती हैं। कभी-कभी व्यक्ति के पास पूंजी तो होती है परन्तु वह आवश्यक श्रम नहीं कर पाता है, कभी श्रम के योग्य तो होता है परन्तु उसके पास आवश्यक पूँजी नहीं होती । श्रम एवं पूँजी को एकत्र करने का एक तरीक़ा यह है कि पूंजीपति पूंजी उपलब्ध कराए और श्रम करनेवाला श्रम जुटाए और लाभ में दोनों सम्मिलित हों । इस विधि को शरीअत में 'मुज़ारबत' कहा जाता है। अल्लामा इब्न असीर ने अन-निहाया 3/14 में मुज़ारिबत की परिभाषा इस प्रकार से दी है कि "मुज़ारबत यह है कि तुम किसी को पूँजी उपलब्ध कराओ ताकि वह व्यापार करे और उसमें उसका एक निर्धारित भाग हो. 'हिदाया' में है कि 'एक पक्ष पूँजी तथा दूसरा पक्ष परिश्रम' की बुनियाद पर लाभ में भागीदारी को मुज़ारिबत कहा जाता है। मुज़ारबत (इस्लामी शरीयत का फिक़्ही शब्द है) का अर्थ "किसी को व्यवसाय के लिए इस शर्त पर माल देना कि वह लाभ में साझा रहेगा, कारोबार में ऐसी साझेदारी का माल एक का हो और मेहनत दूसरे की" लिया जाता है। इसमें"अक़्दे मुज़ारबत" अर्थात "साझेदारी अनुबंध" होता है जो दो लोगों के बीच ऐसा समझौता किया जाता है कि उसमें एक पक्ष पूंजी प्रदान करता है और दूसरा पक्ष श्रम प्रदान करता है और फिर समझौते के अनुसार लाभ दोनों के बीच समझौते के अनुसार विभाजित किया जाता है।

इसकी आवश्यकता और शरई हैसियत के बारे में इस प्रकार विचार व्यक्त किया गया है कि 'मुज़ारबत' सदा से वैध रही है क्योंकि लोग दो प्रकार के होते हैं। कुछ लोगों के पास पूंजी तो होती है परन्तु वे उचित ढंग से उसका उपयोग नहीं कर सकते। कुछ उसका उचित उपयोग तो जानते हैं परन्तु निर्धन होते हैं। अतः 'मुज़रबात' की आवश्यकता पड़ती है ताकि नासमझ और समझदार, मुहताज और पूंजीपति दोनों प्रकार के लोगों की आवश्यकताएं पूरी हों। अल्लाह के रसूल हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम की नुबूवत के समय यह तरीक़ा प्रचलित था। आप सअव ने इसे जारी रखा और सहाबा रज़ि. ने इसपर अमल किया। (हिदाया: 3/255) इस तरीके को सहाबा द्वारा अपनाने का प्रमाण हज़रत अब्दुल्लाह बिन हिशाम की रिवायत से मिलता है। वे कहते हैं कि बचपन में उनकी माँ उन्हें अल्लाह के रसूल हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम के पास ले गई। आप सअव ने उनके सिर पर प्रेमपूर्वक हाथ फेरा और बरकत की दुआ की। इसके प्रभाव से उन्हें कारोबार में बहुत लाभ हुआ। उनके पोते 'ज़हरह बिन माबद' कहते हैं कि मैं अपने दादा के साथ बाज़ार जाया करता था, वे ग़ल्ला , अनाज ख़रीदते थे । हज़रत अब्दुल्लाह बिन उमर रज़ि. और हज़रत अब्दुल्लाह बिन ज़ुबैर रजि. उनसे मिलते और कहते कि इस कारोबार में हमें भी सम्मिलित कर लो। कभी-कभी वे एक ऊंट के भार के बराबर लाभ का सामान प्राप्त करके घर को भेजते थे। ( बुख़ारी) अल्लामा अबुल क़ासिम ख़र्की कहते हैं कि कारोबार में साझेदारी की वैधता पवित्र क़ुरआन, सुन्नत और इजमा (धर्मशास्त्रियों का मतैक्य) तीनों से सिद्ध है। अल्लामा इन कुदामा हंबली ने लिखा है कि साझेदारी की वैधता पर समस्त मुसलमानों का मतैक्य है, यदि मतभेद है तो केवल उसके कुछ प्रकारों के विषय में है। ( अलमुग़नी 5/3) साझेदारी , पार्टनरशिप - पूंजी में भी हो सकती है और श्रम में भी। दोनों ही का बड़ा महत्त्व है। वर्तमान युग में कारोबार इतना पेचीदा हो गया है कि व्यक्ति थोड़ी पूंजी से कोई बड़ा कारोबार नहीं कर सकता, जो लोग बड़ा कारोबार करना चाहते हैं वे अपनी पूंजी एकत्र करके कम्पनियां स्थापित करते हैं, उन्हीं कम्पनियों के द्वारा बड़े कारोबार होते हैं और पूंजी निवेश करनेवाले उनमें भागीदार और साझीदार समझे जाते हैं।



जनसेवा का एक तरीक़ा यह भी है कि मुस्लिम समुदाय के संपन्न लोगों द्वारा ऐसी कम्पनियों क़ायम करना चाहिए जिनमें कम पूंजीवाले देशवासी भी सम्मिलित होकर उन्नति कर सकें ।

वर्तमान युग में कला कौशल तथा औद्योगिक अनुभव ने असाधारण महत्त्व प्राप्त कर लिया है। इसके बिना कोई कारखाना या फैक्ट्री नहीं चलाई जा सकती । बड़ी-बड़ी औद्योगिक संस्थाओं में तो विभिन्न प्रकार के कुशल विशेषज्ञों की आवश्यकता पड़ती है। आज की पूँजीवादी बुद्धि किसी को कर्मचारी तो रख सकती है, कारोबार में साझी नहीं कर सकती । लेकिन कभी केवल पूंजी न होने के कारण उपरोक्त प्रकार के विशेषज्ञ औद्योगिक क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ पाते, उनके साथ सहयोग का एक उत्तम रूप यह है कि पूंजीपति अपने उद्योग में उन्हें भागीदार बनाना चाहिए और साझेदारी की बुनियाद पर उनका सहयोग प्राप्त करना चाहिए।

मुज़ारबत के मूल सिद्धांत और शर्तें इस प्रकार से की जाती हैं कि मुज़ारबत के संबंध में बताया जाता है कि इसमें पूंजी का नक़्द होनी आवश्यक है। यदि पूंजी माल, ऋण या अचल संपत्ति के रूप में होगी तो वह मुज़ारबत मान्य नहीं होगी। अक़्दे मुज़ारबत , समझौता अनुबंध के समय पूंजी को उस तरह से होना चाहिए कि बाद में किसी भी प्रकार का कोई विवाद उत्पन्न न हो सके अर्थात धन के मालिक को मुज़ारिब को पूंजी पर कब्ज़ा करा दे या उसकी ओर इंगित करा दे । मुज़ारबत अनुबंध में पूंजी पूरी तरह से मुज़ारिब को हस्तांतरित करना आवश्यक है, इस तरह कि फिर उस पूंजी में रबुल-माल (पूंजी के मालिक) का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप न रहे,

इसी प्रकार रबुल-माल कोई काम भी नहीं करेगा, बल्कि मुज़ारिब ही काम करेगा। अगर रबुल-माल पर काम की शर्त लगाई गई तो मुज़ारबत अमान्य हो जाएगी। अक़्दे मुज़ारबत - साझेदारी अनुबंध में लाभ का वितरण वास्तविक लाभ के अनुपात में निर्धारित किया जाना चाहिए। यदि किसी व्यक्ति के लिए एक निश्चित राशि या पूंजी के अनुपात में अग्रिम रूप से लाभ निर्धारित कर लिया (अर्थात कुल पूंजी का एक निश्चित प्रतिशत मिलेगा), तो मुज़ारबत अनुमेय (जाइज़) नहीं होगा। मुज़ारबत को केवल अर्जित लाभ मैं से ही हिस्सा मिलेगा, मूल पूंजी से कुछ भी नहीं ले सकता। यदि मुज़ारिब के लिए मूल पूंजी में से कोइ शर्त की गई तो मुज़ारिब अमान्य और फ़ासिद हो जाएगी।

अगर घाटा हो तो पहले कमाए गए मुनाफे से उसकी भरपाई की जाएगी। अगर उससे बढ़ गया तो वह संपत्ति के मालिक (रबुल माल ) के ज़िम्मे होगा और मूल पूंजी से पूरा किया जाएगा।

मुज़ारिब को घाटे के लिए ज़िम्मेदार ठहराना जायज़ नहीं है। बल्कि घाटा होने की स्थिति में निवेशक को घाटा सहन करना पड़ेगा और मुज़ारिब की मेहनत बेकार हो जाएगी। मुज़ारिब ईमानदार , ट्रस्टी अमीन के तौर पर काम करेगा। मुज़ार्बा में पूंजी और कारोबार वैध - हलाल होना चाहिए और इस मामले में कोई अवैध स्थिति नहीं होनी चाहिए।

## बाल कहानी

ज्ञानदेव मुकेश

# पढ़ाई की भूख

❐ चंपक वन के प्राइमरी स्कूल में बच्चे बहुत कम आते थे। वन के राजा शेरसिंह ने जब यह सुना तो उसका माथा ठनका। उसने फौरन अपने सियार मंत्री को स्कूल भेजा और स्कूल की हाजिरी-पंजी मंगवाई। शेर सिंह ने चश्मा चढ़ाकर हाजिरी-पंजी पर सरसरी निगाह घुमाई।स्कूल में कुल मिलाकर 3 सौ बच्चों ने नाम लिखवा रखे थे। मगर उनमें मुश्किल से 50 से 60 बच्चों की हाजिरी बन रही थी। शेर सिंह सियार मंत्री से पूछा, ''बाकी बच्चे क्यों नहीं आते ? क्या उन्हें पढ़ाई से मतलब नहीं है ? क्या वे अनपढ़ रहना चाहते हैं ?' सियार मंत्री ने कहा,'महाराज, ऐसी बात नहीं है। बच्चों के पिता जानते हैं कि उनके बच्चे पढ़ने-लिखने के बाद भी छोटा-मोटा ही काम करेंगे। इसलिए वे सोचते हैं कि अभी से ही वे काम सिखा दिए जाएं ताकि वे बड़े होते ही अपना काम संभाल लें।' शेर सिंह ने पूछा, ''क्या हमारे वन में बड़ा काम नहीं है ?' सियार मंत्री ने कहा, ''महाराज, बड़े काम तो क्या, जंगल में छोटे काम भी नहीं हैं। सच यह है कि अपने जंगल में बेरोजगारी बहुत बढ़ी हुई है।'' शेर सिंह ने कहा, ''रोजगार बढ़ाने के उपाय हम बाद में करेंगे। पहले बच्चों को स्कूल तक लाने की योजना बनाओ। बेरोजगार रहना इतना बुरा नहीं है जितना अनपढ़ होना।' सियार ने कहा, ''एक उपाय है। पड़ोस के जंगल में बच्चों का लुभाने के लिए मिड डे मील को इंतजाम किया गया है। बच्चे मील खाने के लालच में आते हैं और पढ़ाई भी करते हैं।' शेर सिंह ने कहा, ''यह उपाय ठीक है। मगर मैंने मिड डे मील की शिकायत भी सुनी है। सुना है, वहां खाना खाकर बच्चे बीमार पड़ जाते हैं। कभी-कभी उनकी जान भी चली जाती है।' सियार मंत्री ने कहा,'महाराज, ऐसा इसलिए होता है कि वे मिड डे मील में चावल, दाल, रोटी, सब्जियां खिलाते हैं। अक्सर इनके बनाने में गड़बड़ी हो जाती है। अनाज सड़े-गले होते हैं। कभी-कभी इनमें जहरीली चीजों की मिलावट हो जाती है।'' शेर सिंह ने पूछा, 'फिर क्या करें ? क्या हमारे यहां भी ऐसी मिलावट होगी ? सियार मंत्री ने कहा, ''हमारे यहां मिलावट न हो, इसकी क्या गारंटी ? अच्छा तो यह होगा कि हम अपने बच्चों को मिड डे मील में फल, दूध, बिस्कुट और पावरोटी वगैरह दें। इनमें मिलावट की गुंजाइश कम होगी।' शेर सिंह को यह बात जंच गई। बस, अगले ही दिन से चंपक वन के स्कूल में मिड डे मील की शुरूआत कर दी गई। इसका अच्छा रिजल्ट देखने को मिला। स्कूल में बच्चों की हाजिरी बढ़ने लगी। धीर-धीर स्कूल में लगभग 300 बच्चे आने लगे। इस खबर से शेर सिंह बड़ा खुश हुआ। मगर वह पड़ोस के जंगल की बात नहीं भूला था। इसलिए वह हमेशा स्कूल में चला आता और मिड डे मील की जांच करता। वह खुद मिड डे मील चखता और पूरी तसल्ली करता। स्कूल से कभी भी मिड डे मील की षिकायत नहीं आई। जंगल में गपलू भालू बड़ा आलसी था। वह कोई भी काम नहीं करता था।

## अवैध प्रवासियों की चुनौती

गैरकानूनी तौर पर अमेरिका में रह रहे करीब 200 भारतीयों को ला रहे अमेरिकी सैनिक विमान का अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरना भारत के लिए कई लिहाज से असुविधाजनक है। हालांकि यह कोई पहला मौका नहीं है जब अवैध प्रवासी भारतीय वापस भेजे गए हों। लेकिन इस बार कई ऐसी बातें हैं, जो इसे अतीत की ऐसी घटनाओं से अलग करती हैं।

इस बार न केवल अमेरिकी चुनाव में यह एक बड़ा मुद्दा था, बल्कि राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद भी डॉनल्ड ट्रंप इस मसले को रेखांकित करते रहे हैं। इस वजह से यह घटना अमेरिका में रह रहे भारतीय समुदाय की छवि को प्रभावित कर सकती है। ध्यान रहे, वैध तरीकों से अमेरिका पहुंचे और वहां रह रहे भारतीयों ने मेहनत और टैलंट के बल पर अपनी अच्छी जगह बनाई है। इस बात को यूं समझा जा सकता है कि दो साल पहले वहां एक भारतीय परिवार की औसत आमदनी 1,45000 डॉलर आंकी गई थी, जबकि एक लैटिन अमेरिकी परिवार की औसत आमदनी 65,540 डॉलर।

अवैध प्रवासियों की उचित तरीकों से पहचान कर उन्हें उनके देशों को वापस भेजा जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। भारत का इस मामले में शुरू से सहयोगात्मक रुख रहा है। लेकिन एक जायज सवाल वापसी के तरीके का है। इस बार ट्रंप सरकार ने जिस तरह से सैनिक विमान का उपयोग इस काम में किया है, उस पर कई देशों ने आपत्ति जताई है। हालांकि भारत ने इसे मुद्दा बनाने से परहेज किया और एक तरह से यह ठीक भी है।

भारत इस तथ्य को समझता है कि मूल मसला इन अवैध प्रवासियों का वापस आना नहीं बल्कि उनका यह मान लेना है कि इस देश में उनका कोई भविष्य नहीं है। तभी तो वे अपनी जमा-पूंजी गंवाकर और जान का जोखिम मोल लेकर भी अमेरिका-कनाडा जैसे देशों का रुख करते हैं।ऐसे में भारत सरकार को दो मोर्चों पर अपने प्रयास तेज करने होंगे। एक तो अवैध तरीकों से लोगों को विदेश पहुंचाने वाले गिरोहों के खिलाफ सख्त मुहिम चलानी होगी ताकि इस प्रक्रिया पर रोक लगे। दूसरी बात यह कि इसके साथ-साथ नए अवसर बनाने पर भी ध्यान देना होगा। तभी यह संदेश जाएगा कि उतना पैसा गंवाकर और जान का जोखिम उठाकर विदेश जाने का कोई मतलब नहीं।

## कहानी

श्याम गुप्त

# यक्ष प्रश्न

❐ पुष्पाजी अपनी महिला मंडली के नित्य सायंकालीन समागम से लौटकर आई तो कहने लगीं,' आखिर राम ने एक धोबी के कहने पर सीताजी को वनबास क्यों दे दिया? क्या ये उचित था। क्या हुआ? मैंने पूछा, तो कहने लगीं,' आज पर्याप्त गरमा-गरम तर्क-वितर्क हुए। शान्ति जी कुछ अधिक ही महिलावादी हैं, इतना कि वे अन्य महिलाओं के तर्क भी नहीं सुनतीं। उनका कहना है कि पुरुष सदा ही नारी पर अत्याचार करता आया है। मेरे कुछ उत्तर देने पर बोलीं कि अच्छा तुम डाक्टर साहब से पूछ कर आना इनके उत्तर। वे तो साहित्यकार हैं और नारी-विमर्श आदि पर रचना करते रहते हैं। वे आपसे भी बात करना चाहती हैं। क्यों नहीं ,मैंने कहा,अवश्य, कभी भी दूसरे दिन ही तेज तर्रार शान्ति जी प्रश्नों को लेकर पधारीं, साथ में अन्य महिलायें भी थीं। बोलीं 'क्या उत्तर हैं आपके इन परिप्रेक्ष्य में ? मैंने कहने का प्रयत्न किया कि ऐसा नहीं है, राम शासक थे और वे तुरंत ही बात काटते हुए कहने लगीं ,' राम राजा थे..प्रजा के हित में व्यक्तिगत हित का परित्याग, लोक-सम्मान आदि. ये सब मत कहिये, घिसी-पिटी बातें हैं, बेसिर-पैर की.पुरुषों की सोच की. कुछ महिलाओं ने कहा भी कि पहले उनकी बात तो सुनिए, परन्तु वे कहती ही गयीं, आखिर नारी ही क्यों सारे परीक्षण भोगे, पुरुष क्यों नहीं?

मैंने प्रति-प्रश्न किया,अच्छा बताइये, क्या एक स्त्री के कहने पर राम-वनबास. क्या स्त्री का पुरुष पर अत्याचार नहीं था। पुरुष तो कभी ये प्रश्न नहीं उठाते, क्यों। प्रश्न उठते भी हैं तो. हाय, विरुद्ध विधाता. आज्ञाकारी पुत्र.में दब कर रह जाते हैं। विवाह सुख भोगते राम को ठेल दिया वनबास में और दशरथ को मृत्युलोक में। क्या स्त्री पर पुरुषों को प्रश्न उठाने का अधिकार नहीं है. शान्ति जी कुछ ठिठकीं परन्तु हतप्रभ नहीं हुईं, बोलीं, तो आप मानते हैं कि जैसे राम पर अत्याचार हुआ वैसे ही सीता पर भी अग्नि-परिक्षा व सीता त्याग रूपी अत्याचार अन्याय हुआ, तो राम पुरुषोत्तम क्यों हुए ? क्या आप समझती हैं कि राम को कष्ट नहीं हुआ होगा यह निर्णय लेते हुए, मैंने कहा, पत्नी-सुख वियोग एवं आत्म-ग्लानि की दो-दो पीडाएं झेलना कम दुःख होगा। वे चाहते तो दूसरा विवाह कर सकते थे, परन्तु नहीं सामाजिक परिवर्तन की उस युग-संधिबेला पर राम एक उदाहरण, एक मर्यादा स्थापित करना चाहते थे. प्रत्येक स्थित-परिस्थिति में एक पत्नीव्रत की। तो उन्होंने स्वयं वनबास क्यों नहीं लेलिया, साथ में बैठी प्रीति जी ने पूछ लिया । तो फिर एक पत्नीव्रत मर्यादा कैसे स्थापित होती, और वे कायर कहलाते। समस्या समाधान से पलायन करने वाला भगोड़ा, कापुरुष राजा। सीता को यह कब मान्य था अतः उन्होंने स्वयं ही निर्वासन को चुना। पति का अपमान प्रायः पत्नी को स्वयं का ही अपमान प्रतीत होता है, क्या यह सही नहीं है, मैंने कहा। सब चुप रहीं। सीता ने स्वयं ही निर्वासन को चुना...ये नया ही बहाना गढ़ लिया है आपने, वाह!. शान्ति जी ने कहा।

मैंने पुनः प्रयास किया, 'वास्तव में जैसे राम का वनगमन एक राजनीति-सामाजिक कूटनीति का भाग था वैसे ही सीता-वनबास भी विभिन्न नीतिगत राजनीति के कार्यान्वन का भाग थे। कैसे ! वे बोल पडीं। देखिये मैंने कहा, कुछ विद्वानों का मत है कि सीता-वनबास हुआ ही नहीं, क्योंकि तुलसी की रामचरित मानस एवं महाभारत के रामायण प्रसंग में इस घटना का रंचमात्र भी उल्लेख नहीं है, अतः बाल्मीक रामायण में यह प्रसंग प्रक्षिप्त है, बाद में डाला गया, राम को बदनाम करने हेतु। परन्तु मेरे विचार से जन-श्रुतियां, लोक-साहित्य व स्थानीय प्रचलित कथाये आदि में कुछ अनकही बातें अवश्य होती हैं जो लोक-स्मृति में रह जाती हैं। जिन्हें पात्र की महत्ता व संगति से विपरीत मानकर सामाजिक-साहित्यकार-रचनाकार छोड़ भी सकते हैं। वस्तुतः राम एक अत्यंत ही नीति-कुशल राजनैतिज्ञ थे। समस्त भारत की शक्तियों का ध्रुवीकरण करके अयोध्या व भारतवर्ष को अविजित शक्ति का केंद्र बनाना उनका ध्येय था । पूरे भारत में उन्होंने अपनी मित्रता, कूटनीति, धर्माचरण व शक्ति-पराक्रम के बल पर शक्तियां एकत्रित कीं। वनांचल के तमाम स्थानीय कबीले, वनबासी शासक, आश्रम व ऋषि, मुनि अस्त्र-शस्त्रों व शक्ति के केंद्र थे। विश्वामित्र, वशिष्ठ, अगस्त्य, भारद्वाज सभी ने राम को अस्त्र-शस्त्र प्रदान किये, परेंतु महर्षि बाल्मीकि जो बहुत बड़े शक्ति के केंद्र थे, उन्होंने सिर्फ आशीर्वाद दिया ..अस्त्र-शस्त्र नहीं।

## कविता

डॉ राजेश काळे

# सारे चले प्रयागराज

**सारे चले प्रयागराज,**
**हम घर के काशी में निवासित रहें,**
**घर के जल को गंगाजल जान,**
**हम श्रद्धा से नहाते रहें।**
**आस्था की डुबकी लगाने,**
**हृदय से प्रभु को पुकारते रहें ,**
**मन के मंदिर में दीप जलाकर,**
**प्रेम से भजन हम गाते रहें।**

**संगम की धारा भले ना पहुचें,**
**भक्ति की बूँदें छलकती रहें ,**
**मन से समर्पित हर एक अर्पण,**
**प्रभु के चरणों में सजती रहे।**
**पुण्य मिलेगा सच्ची निष्ठा से,**
**नदियाँ हृदय में बहती रहें ,**
**सारे चले प्रयागराज,**
**हम घर पर ही तीर्थ रचते रहें।**

## आलेख

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा

# खबरें ही खबरें

❐ पहले बड़ा आराम था। लोग इत्मीनान से अपनी अपनी खटिया पर पड़े रहते थे। खबरों से बेखबर। लेकिन इधर जब से मीडिया का विकास हुआ है, आप न चाहें तो भी खबरें आपका पीछा नहीं छोड़तीं। हर आदमी के चारों तरफ मंडराती रहती हैं। अच्छी और बुरी खबरें, ताज़ी और गई-बीती खबरें। राजनैतिक, आर्थिक, और खेलकूद की खबरें। उत्तर, पूर्व, दक्षिण और पश्चिम की खबरें। आखिर न्यूज़ ठहरीं। चारों दिशाओं से आती हैं. नार्थ, ईस्ट, वेस्ट, साउथ; इसीलिए तो 'न्यूज़' कहलाती हैं। खूब खबर लेती हैं। बचकर जा नहीं सकते आप। कहिए, क्या समाचार हैं ? यह समाचार जानने के लिए कोई प्रश्न नहीं है। क्या हाल हैं, अभिवादन का एक स्वरूप बन गया है। खबर सूचना है, जानकारी है। खबर हाल है, समाचार है। खबर संदेशा है। खबर दी जाती है, खबर ली भी जाती है। खबरों से लोग चेत जाते हैं। खबर पाकर लोगों के होश उड़ जाते हैं। कुछ लोगों का यह काम ही होता है. खोज खबर लेते रहना। ऐसे खबरगीर हर बात की देख-रेख करते रहते हैं। आपको खबरदार भी करते हैं। उनकी खबरदारी आपको होशियार कर देती है। समाचार-पत्रों में खबर देने वाले खबर नवीस कहलाते हैं. बताने के लिए जब खबरें कम पड़ने लगती हैं, वे गढ़ ली जाती हैं। अतः खबरों के कारखाने विकसित हो गए हैं। वहां खबरें 'बनाई' जाने लगी हैं। खबरों के अभाव में, धोखा देने के लिए ही सही, खबरें गढ़ी जाती हैं। आखिर कुछ तो ख़बरें हों जिनकी खबर-कांक्षी लोगों में खपत हो सके। असल न होने पर गलत ही सही।

खबरों के कई प्रकार हो गए हैं। कुछ तो सही खबरें होती हैं। ऐसी बड़ी बड़ी खबरें इतिहास बन जाती हैं। लेकिन कुछ गलत खबरें भी उड़ा दी जाती हैं। पहले इन्हें अफ़वाहें कहते थे। इन्हें बाकायदा रोपा जाता था। फैलाया जाता था। अब ऐसी ही अफवाहों को "फेक-न्यूज़" कहने लगे हैं। फेक-न्यूज़, न्यूज़ तो होती है, लेकिन वास्तविक 'न्यूज़' नहीं होती। यह गढ़ी हुई, झूठी खबर होती है जिसे किसी स्वार्थ वश कोई फैला देता है। एक ही झूठ को बार बार कहें तो लोग उसे सच मानने लगते हैं। यही सिद्धांत 'फेक न्यूज़' पर भी लागू होता है। फेक-न्यूज़ को बढ़ावा देने में फेस-बुक, वाट्स-एप, ट्विटर जैसे उपकरणों ने बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। कुछ व्यक्तिनिष्ट खबरें इस लायक नहीं होती जिन्हें खबर कहा जा सके, या सार्वजनिक किया जा सके। लेकिन स्वार्थ वश लोग इन्हें भी खबर की तरह प्रसारित करवाना चाहते हैं। आखिर, ले-देकर इन्हें भी छपवा ही लिया जाता है। ये भी खबरों की किस्मों में इजाफा करती हैं। और इन्हें "पेड-न्यूज़' कहा जाता है।

लोग चाहते हैं कि खबरें उन्हें जल्दी से जल्दी मिल सकें। अतः तुरंत मिली खबर को "ब्रेकिंग-न्यूज़' की तरह प्रस्तुत किया जाता है। ऐसी ब्रेकिंग न्यूज़ कभी कभी खबर की कमर तक तोड़ देती हैं। जल्दबाजी में बताई गई खबरें बाद में ना-खबर सिद्ध होती हैं। लोगों का अच्छा मनोरंजन करती हैं।

## रोज़ डे

# आज का दिन प्यार या दोस्ती को और मजबूत बनाएगा

### इस सप्ताह की रोमांटिक शुरुआत

फरवरी का महीना आते ही हवा में प्यार के एहसास को महसूस किया जा सकता है. दरअसल, इसी महीने में 'प्यार का सप्ताह' यानी 'वैलेंटाइन वीक' सेलिब्रेट किया जाता है और इसकी शुरुआत 'सम वन स्पेशल' को गुलाब देकर की जाती है. यही वजह है कि वैलेंटाइल वीक के पहले दिन ही 'रोज डे' मनाया आज यह दिन प्यार, परवाह और दोस्ती के इजहार के लिए खास माना जाता है. इस दिन लोग अपने प्रियजनों को गुलाब देकर अपनी स्पेशल फीलिंग्स शेयर करते हैं. बता दें कि हर रंग का गुलाब एक अलग संदेश देता है, जैसे, लाल गुलाब प्यार का, गुलाबी आभार का, पीला दोस्ती का तो सफेद माफी मांगने का प्रतीक. रोज डे सिर्फ कपल्स ही नहीं, बल्कि दोस्तों और परिवार के लिए भी स्पेशल होता है. इस तरह रोज डे के साथ प्यार के इस सप्ताह की रोमांटिक शुरुआत की जाती है.

**रोज डे का महत्व**

**गुलाब सिर्फ एक फूल नहीं, बल्कि भावनाओं का प्रतीक होता है. रोज डे पर अलग-अलग रंगों के गुलाब दिए जाते हैं, जो अलग-अलग इमोशन को दर्शाते हैं:**

**लाल गुलाब– सच्चे प्यार और रोमांस का प्रतीक**

**गुलाबी गुलाब– प्रशंसा और कोमल भावनाओं का प्रतीक**

**पीला गुलाब– दोस्ती और खुशियों का प्रतीक**

**सफेद गुलाब– शांति और नई शुरुआत का प्रतीक**

## लघुकथा

राजेंद्र ओझा

# सम्मान को सींचना

मुझे अपने चेम्बर में आता देख, वे हाथ जोड़कर खडे हो गये।उन्होंने जो किया वह बिलकुल ही अप्रत्याशित था और मेरे लिए लगभग पहला अनुभव। मैंने उन्हें 'धन्यवाद' कहा।आप मेरी माँ के बराबर है, आप कृपया ऐसा मत कहिये।'उनकी इन बातों से भीतर से आर्द्र हुई मैं चेम्बर से बाहर आ गयी।

अपने बालों की समस्या को लेकर मैं एक चिकित्सक के पास गई थी। अटेन्डेन्ट ने नाम आदि पूछ कर पर्चा बनाया और प्रथम बार की निर्धारित फीस 500/- लेकर इंतजार करने के लिए कहा।

सेन्टर टेबल किताबों से भरा पड़ा था। ओशो, महर्षि अरविंद, माँ अमृतामयी के प्रवचनों के संग्रह के साथ सुडोकू, शब्द पहेली जैसी किताबें उस टेबल पर थीं। ये किताबें 'बीमारी की सोच से राहत' का एक उपाय थीं। उनमें से एक किताब मैं पढने लगी और मैंने राहत के छींटों को महसूस भी किया। मेरा नम्बर आ चुका था। अब मैं चिकित्सक के सामने थी।बातचीत में उन्हें मेरे डाक्टरेट होने एवं लेखन क्षेत्र से जुड़े होने के साथ ही साथ लम्बे समय तक शैक्षणिक क्षेत्र से जुड़े होने एवं वहाँ से ही सेवानिवृत होने की जानकारी भी हुई। उन्होंने मुझे 500/- का नोट दिया और दवाइयां निकालने लग गये। जब उन्होंने दवाइयां और उनका बिल मुझे दिया तब मैंने इस 500/- के बारे में उनसे पूछा। उन्होंने जो कहा वह अकल्पनीय था - 'सर ने फीस की राशि वापस देने कहा है'। मेरे - 'क्यों?' का उनके पास कोई जवाब नहीं था। 500/- रूपये उस डाक्टर के लिए बहुत बड़ी राशि नहीं थीं, लेकिन इस वापस की गई राशि ने सहृदयता और सम्मान के सूखते पेड को सींचने का काम किया। मैं भी आंखों की कोर को गीला होने से रोक न सकीं। यह सींचना भी था, फूलों का बरसना भी।


❐ दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है बढ़ कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने जड़ की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं




सास (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

सीताबर्डी स्थित शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK



## टेंभुरवाही में अवैध शराब के खिलाफ महिलाओं का आंदोलन

### > महिलाओं की उप-विभागीय अधिकारियों और पुलिस थानों में झड़प

**राजुरा, संतोष कुंदोजवार**

राजुरा तालुका के टेंभुरवाही की सैकड़ों महिलाओं ने राजुरा उप-विभागीय अधिकारी, उप-विभागीय पुलिस अधिकारी और विरुर स्टेशन थानेदार के कार्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया और मांग की कि उनके गांव में अवैध शराब पर प्रतिबंध लगाया जाए और उनकी जान बचाई जाए। इतने छोटे से गांव में आठ शराब विक्रेता हैं और ये अवैध शराब विक्रेता गांव के लिए एक बड़ा खतरा हैं। इस दौरान कई महिलाओं ने अपनी कहानियां साझा कीं और तत्काल कार्रवाई की मांग की। राजुरा से 15 किलोमीटर दूर एक गांव है टेंभुरवाही, और इस गांव में शराब विक्रेताओं ने इस समय काफी हंगामा मचा रखा है। यहां आठ लोग अवैध शराब बेच रहे हैं, कुछ अपने घरों से, कुछ पान की दुकानों से, और कुछ चाय की दुकानों और रेस्टोरेंट से। एक धनी व्यक्ति ने तो बस स्टेशन पर अवैध शराब की दुकान खोल ली है, तथा अवैध शराब बेचने के लिए वेतनभोगी नौकर रख लिए हैं। कई अवैध शराब विक्रेता आपके फोन करने पर आपको जहां भी शराब चाहिए, वहां पहुंचा देंगे। शराब की इस बाढ़ ने गांव के किसानों और छोटे बच्चों को बर्बाद कर दिया है, तथा महिलाओं और छात्रों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई महिलाओं ने इस बात पर गुस्सा जताया है कि उन्हें हर दिन अपने शराबी पतियों से मारपीट सहनी पड़ती है, जबकि कई पुरुष अपनी पत्नियों और माताओं को रात में घर से बाहर ले जाते हैं। चूंकि वे घर चलाने के लिए काम करने के बजाय शराब पर पैसा खर्च कर रहे हैं, इसलिए सवाल यह उठता है कि वे अपने बच्चों की शिक्षा के लिए पैसा कहां से लाएंगे। चूंकि गांव में शराब हमेशा उपलब्ध रहती है, इसलिए छोटे बच्चे भी शराब के आदी हो रहे हैं और महिलाओं को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

शराब ने इस गांव में ऐसा कहर बरपाया है कि महिलाओं ने आखिरकार ग्राम पंचायत को मास्क पहनकर ग्राम सभा करने पर मजबूर कर दिया। शराब की अवैध बिक्री से गांव का सामाजिक स्वास्थ्य खराब हो गया है और युवा पीढ़ी में नशे की लत बढ़ गई है। इसलिए शराब पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग वाला प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रस्ताव को पारित करने का कारण यह है कि कई अवैध शराब विक्रेता इन महिलाओं के घरों के पास आते हैं, उनके साथ दुर्व्यवहार करते हैं और उन्हें जान से मारने की धमकी देते हैं। गांव की सैकड़ों महिलाएं अपनी मजदूरी खोकर राजुरा आईं और उपविभागीय अधिकारी रविन्द्र माने और उपविभागीय पुलिस अधिकारी दीपक साखरे को एक ज्ञापन सौंपकर अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं। ये महिलाएं राजुरा पत्रकार संघ के पास आईं और अपना बयान दिया। इन महिलाओं ने राजुरा पत्रकार संघ से हमारे गांव में शराब पर प्रतिबंध लगाने और हमारी समस्याओं का समाधान करने की पुरजोर मांग की।

# शिव-स्मारक स्थल की अनुमति के लिए घुग्घुस में विरोध प्रदर्शन

### > विधायक किशोर जोरगेवार की स्मारक के लिए 50 लाख की घोषणा

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**




घुग्घुस में छत्रपति शिवाजी महाराज का स्मारक बनाने की अनुमति की मांग को लेकर छत्रपति शिवाजी महाराज स्मारक समिति की ओर से लॉयड मेटल कंपनी के गेट के सामने धरना दिया गया। इस अवसर पर विधायक किशोर जोरगेवार ने धरना स्थल का दौरा किया और सरकार से इस मांग पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया तथा स्मारक के लिए 50 लाख रुपये की निधि की घोषणा की।

इस विरोध प्रदर्शन में स्मारक समिति के चेतन बोबडे , पूर्व सरपंच संतोष नुने , विवेक बोंडे , संजय तिवारी , सोनल भारडकर , अमित बोरकर , गणेश शेंडे , अनिल बाम , हेमराज बावने सहित बड़ी संख्या में शिवप्रेमी , सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए ।

स्थानीय नागरिक मांग कर रहे हैं कि घुग्गुस में छत्रपति शिवाजी महाराज का स्मारक बनाया जाए । इसके लिए मुख्य चौक स्थित लॉयड मेटल कंपनी के गेट के सामने का क्षेत्र घुग्घुस निवासियों द्वारा सुझाया गया है । यह भूमि लोक निर्माण विभाग की है । हालांकि , वहां लॉयड मेटल कंपनी का गेट है, इसलिए कंपनी प्रबंधन ने स्मारक के निर्माण का विरोध किया है । छत्रपति शिवाजी महाराज स्मारक समिति, घुग्घुस की ओर से इसके विरोध में समय-समय पर विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं ।

इस बीच , इसी मांग को लेकर आज यानी गुरुवार को धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया । इस अवसर पर विधायक किशोर जोरगेवार ने धरनास्थल का दौरा किया और प्रदर्शनकारियों की मांगों के बारे में जानकारी ली । इस अवसर पर विधायक किशोर जोरगेवार ने कहा कि यह सिर्फ स्थल के लिए अनुमति पाने की लड़ाई नहीं है , बल्कि हमारी पहचान, गौरव और इतिहास के संरक्षण की लड़ाई है । शिवाजी सिर्फ एक युग तक सीमित नहीं हैं , वे अनंतकाल के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं, इसलिए उनका एक भव्य स्मारक बनाना हमारी जिम्मेदारी है।

हमारे क्षेत्र में विभिन्न विकास परियोजनाएं चल रही हैं और बड़े उद्योगों ने जगह ले ली है। हालाँकि , यह निश्चित रूप से दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमें शिवाजी के स्मारक के लिए स्थान की अनुमति पाने के लिए आंदोलन करना पड़ रहा है । लेकिन हम पीछे हटने वाले नहीं हैं। हम यह मांग सरकार के समक्ष रखेंगे और उचित अनुमति प्राप्त करेंगे , ऐसा विधायक किशोर जोरगेवार ने कहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में घुग्घुसवासी और विभिन्न समाज के लोग उपस्थित थे ।

## युवक की दिनदहाड़े हत्या से सनसनी

**राजुरा.**





कोरपना तालुका के बीबी, रामनगर निवासी युवक शिवराज पांडुरंग जाधव (21) की दिनदहाड़े मामूली बात पर चाकू से गर्दन और चेहरे पर कई वार कर हत्या कर दी गई। यह घटना गुरुवार को घटी। यह घटना दोपहर तकरीबन 12:30 बजे के बीच घटी।

अविनाश राधाकृष्ण पिल्ले (30) और आशीष राधाकृष्ण पिल्ले (24) आरोपी रामनगर बीबी के रहनेवाले है। विस्तृत रिपोर्ट में कहा गया है कि मृतक और आरोपी के बीच घरेलू मामले को लेकर झगड़ा हुआ था। आपराधिक पृष्ठभूमि वाले अविनाश पिल्ले ने अपने भाई की मदद से पड़ोस में रहने वाले शिवराज की हत्या कर दी और उसे कब्रिस्तान की ओर जाने वाली सड़क के किनारे फेंक दिया।

घटना की सूचना मिलने पर गड़चांदूर थानेदार शिवाजी कदम अपने सहयोगियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उपस्थित वार्डवासियों ने आरोप लगाया कि इस घटना में पूरा परिवार शामिल है तथा मांग की कि इस हत्या मामले में पूरे परिवार को आरोपी बनाया जाए। हत्यारे अविनाश पिल्ले ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है, लेकिन अन्य आरोपी और उसके माता-पिता पुलिस की गिरफ्त में नहीं आए हैं।

**हत्या के आरोपी की पृष्ठभूमि.**

आरोपियों पर पहले भी कई अपराध के आरोप लगाए जा चुके हैं, जिनमें वार्ड में महिलाओं को धमकाने, चाकू लहराने, उनका यौन शोषण करने और जनता में भय का माहौल पैदा करने जैसे आरोप शामिल हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि आरोपी के माता-पिता ने भी अपराध में सहयोग किया। इसलिए नागरिकों ने मांग की कि पूरे परिवार को यहां से स्थानांतरित किया जाए।

## तिलक मैदान में 10 खुली दुकानों पर ठोकी सील



**चंद्रपुर.** मनपा कर वसूली दल ने जोन क्रमांक 2 के तिलक मैदान, नेहरू मार्केट में 10 स्टॉल सील कर दिए हैं, जिन पर 9 लाख 78 हजार रुपए का बकाया है। यह कार्रवाई नगर निगम कर विभाग द्वारा बार-बार चेतावनी दिए जाने तथा बकाया राशि के संबंध में तीन पूर्व नोटिस दिए जाने के बावजूद संपत्ति मालिकों द्वारा कर का भुगतान न किए जाने के बाद की गई है।

तिलक मैदान में रहनेवाली विठाबाई निंबालकर पर 62,922 रुपए, देविदास राहुलकर पर 1,10,809 रुपए, मंगला राउत पर 63,790 रुपए, इंदिराबाई बनकर पर 67,790 रुपए, किशोर येर्ने पर 40,294 रुपए, सईबाई निंबालकर पर 1,37,293 रुपए, अंजनाबाई खरतड पर 63,188 रुपए, दिनेश पायधान पर 2,23,525 रुपए, विजय आमटे पर 97,552 रुपए तथा चंद्रभागा मंगरुलकर पर 1,11,051 रुपए बकाया है। इससे पहले इन सभी को बकाया राशि के लिए तीन बार नोटिस भेजा गया था। हालांकि, नगर निगम कर विभाग ने कर चोरी के कारण संपत्तियों को सील कर दिया है।

चंद्रपुर शहर महानगरपालिका के माध्यम से कर वसूली के लिए जोनवार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीमें छुट्टी के दिन भी काम कर रही हैं।

## आदिवासी विकास के लिए 482 करोड़ 36 लाख रुपये की प्रारूप योजना प्रस्तुत

**गढ़चिरोली, :**




आदिवासी बहुल गढ़चिरौली जिले के विकास को गति देने और आदिवासी समुदाय के उत्थान के लिए जिला प्रशासन ने सरकार को 482 करोड़ 36 लाख रुपये के निधि के लिए एक मसौदा योजना अनुरोध प्रस्तुत किया है। यह योजना जिला वार्षिक योजना 2025-26 के अंतर्गत जनजातीय उप-योजना और जनजातीय क्षेत्र से बाहर उप-योजना के लिए प्रस्तावित की गई है। इस संबंध में जनजातीय विकास मंत्री डॉ. अशोक उइके की अध्यक्षता में आज राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

गडचिरोली जिले के लिए पहले 197 करोड़ 96 लाख रुपए की वित्तीय सीमा तय की गई थी। हालांकि, जिले के क्रियान्वयन तंत्र की ओर से 284 करोड़ 36 लाख रुपये की बढ़ी मांग के कारण सरकार को कुल 482 करोड़ 36 लाख रुपये की योजना प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर मंत्री उइके ने कहा कि गढ़चिरौली जिले में अधिक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

गढ़चिरौली जिला आदिवासी बहुल जिला होने के कारण यहां के प्रत्येक गांव को सड़क से जोड़ने पर जोर देने तथा 'हर गांव तक सड़क' नामक महत्वाकांक्षी पहल प्रस्तावित करने का निर्देश आदिवासी विकास मंत्री डॉ. अशोक उइके ने बैठक में दी। उन्होंने कहा कि विद्यालयों और छात्रावासों में प्रवेश सुविधाओं को अधिक लचीला और समावेशी बनाकर यह सुनिश्चित करने के उपायों पर जोर दिया जाना चाहिए कि जनजातीय समुदाय का कोई भी छात्र शिक्षा से वंचित न रहे।

मंत्री उइके ने बताया कि आदिवासी समुदाय की समग्र प्रगति को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक विकास पर जोर देते हुए महत्वाकांक्षी योजनाएं बनाने की आवश्यकता है। बैठक में जिला कलेक्टर अविश्यंत पंडा, विधायक रामदास मसराम, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुहास गाडे, एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना के परियोजना अधिकारी राहुल मीना (गढ़चिरोली), कुशल जैन (अहेरी), नमन गोयल (एटापल्ली) और विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों के प्रमुख उपस्थित थे।

जिला कलेक्टर अविश्यंत पांडा ने जनजातीय वार्षिक क्रियान्वयन योजना की विस्तृत समीक्षा प्रस्तुत की। बैठक में सभी संबंधित एजेंसियों के अधिकारी उपस्थित थे।

## अकुशल मजदूरों का बकाया वेतन मजदूरों के खातों में जमा होगा: मुनगंटीवार

**चंद्रपुर.** चंद्रपुर जिले के पोम्भुर्णा तालुका में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत चल रहे काम पर काम करने वाले अकुशल मजदूरों की मजदूरी का बकाया मजदूरों के खातों में जमा कर दिया गया है। इस संबंध में विधायक सुधीर मुनगंटीवार के प्रयास सफल रहे हैं। महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत चल रहे कार्यों में पोम्भुर्ना तालुका के विभिन्न गांवों के मजदूर अकुशल मजदूर के रूप में काम कर रहे हैं। सरकार से धनराशि न मिलने के कारण उन्हें पिछले दो माह से मजदूरी नहीं मिली है, जिससे उनके परिवार की आजीविका के लिए गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। पीड़ितों ने सुधीर मुनगंटीवार से मुलाकात की और अपने कारण प्रस्तुत किए। मुनगंटीवार को कृषि मंत्री भारत गोगावले से संपर्क किया तथा सरकार से अनुरोध किया गया कि बकाया धनराशि तत्काल उपलब्ध कराई जाए तथा इस पर कार्रवाई की गई।

## सिल्क रेलिंग प्रशिक्षण पूरा हुआ




### > महिलाओं को उद्यमशीलता के लिए प्रोत्साहित करना

**गढ़चिरोली :**

जिला रेशम विकास अधिकारी अजय वासनिक ने विश्वास व्यक्त किया कि रेशम रेलिंग प्रशिक्षण से शिक्षित बेरोजगार महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे तथा वे रेशम उद्योग में आगे बढ़ सकेंगी। बैंक ऑफ इंडिया और आरएसईटीआई केंद्र, गढ़चिरौली द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 10 दिवसीय रेलिंग प्रशिक्षण शिविर का कल समापन हुआ।

यह प्रशिक्षण शिविर जिला रेशम कार्यालय, आरमोरी के अंतर्गत आरएसईटीआई प्रशिक्षण केंद्र, गढ़चिरौली में आयोजित किया गया था। समापन समारोह में जिला अग्रणी बैंक के प्रशांत भोंगले, आरसेटी केंद्र के संचालक कैलाश बोलगमवार, रेशम विकास कार्यालय के वरिष्ठ तकनीकी सहायक गिरीश उइके, केंद्र समन्वयक हेमंत मेश्राम और महिला प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थीं।

इस दौरान महिला प्रशिक्षुओं ने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। श्रीमती दण्डेज और श्रीमती नैतम ने भविष्य में रेशम उद्योग में काम करने की इच्छा व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण से उन्हें उद्यमी बनने की प्रेरणा मिली। जिन महिलाओं को रेशम रेलिंग में प्रशिक्षण दिया गया है, उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे तथा उन्हें पारंपरिक नौकरियों की तलाश करने के बजाय अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू करने का अवसर मिलेगा। आशा है कि इससे गढ़चिरौली जिले की ग्रामीण और आदिवासी महिलाओं के आर्थिक विकास में तेजी आएगी।



## कलेक्टर ने की महाशिवरात्रि यात्रा की तैयारियों की समीक्षा

**गढ़चिरोली:** जिला कलेक्टर अविश्यंत पंडा ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की आवश्यकताओं और मांगों को ध्यान में रखते हुए पेयजल, आवास, विशेषकर स्वच्छता, स्वास्थ्य और सुरक्षा से संबंधित सभी आवश्यक उपाय समय पर पूरे किए जाएं, ताकि महाशिवरात्रि के अवसर पर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।

जिलाधीश ने आज मारकंडा स्थित धर्मशाला में मारकंडेश्वर तीर्थ स्थल एवं चपराला देवस्थान पर महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाली तीर्थयात्रा की पूर्व योजना की समीक्षा की। बैठक में उपविभागीय अधिकारी रणजीत यादव, निवासी उप कलेक्टर सुनील सूर्यवंशी, उप कलेक्टर प्रसेनजीत प्रधान, उपविभागीय पुलिस अधिकारी जगताप, तहसीलदार प्रशांत गोरुडे, गट विकास अधिकारी सागर पाटिल, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नीलेश तेलतुंबड़े के साथ ही मारकंडा और चपराला के सरपंच और मंदिर प्रबंधन समितियों के पदाधिकारी उपस्थित थे। तीर्थयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। इसके लिए जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए। तीर्थ स्थल पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस व्यवस्था, नियंत्रण कक्ष एवं धर्मशालाओं को दुरुस्त किया जाए। चिकित्सा सुविधाओं के लिए दवाओं का पर्याप्त स्टॉक, चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति, एम्बुलेंस और अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

## सामान्य नागरिकों के काम को प्राथमिकता दें: विधायक भोंगले

### > समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**राजुरा.**



तालुका में बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने और लंबित मुद्दों को हल करने के लिए, विधायक देवराव भोंगले की अध्यक्षता में राजुरा में तहसील कार्यालय के हॉल में तालुका के प्रशासनिक अधिकारियों की एक मैराथन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक दोपहर एक बजे शुरू हुई और रात नौ बजे तक चली। इस बैठक में तालुका में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों एवं अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। आगामी समय में इस क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए किस प्रकार नवीन पहल लागू की जा सकती है तथा रुके हुए विकास कार्यों से संबंधित मुद्दों का किस प्रकार समाधान किया जा सकता है, इस पर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही सरकारी कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारी आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दें तथा ऐसा व्यवहार और कर्तव्य हो कि कार्यालय में काम कराने आए नागरिकों के चेहरे पर कार्यालय से बाहर निकलते समय संतुष्टि दिखे। समीक्षा के दौरान, सभी को सलाह दी गई कि वे अपने कार्यालयों को अद्यतन रखने पर ध्यान केन्द्रित करें तथा आने वाले दिनों में लोक सेवक के रूप में सतर्क और अद्यतन रहें।

बैठक में उपविभागीय अधिकारी रविन्द्र माने, तहसीलदार ओमप्रकाश गोंड, संवर्ग विकास अधिकारी हेमंत भिंगारदिवे, मुख्य अधिकारी सागर मुलिक, पुलिस निरीक्षक योगेश्वर पारधी, वन निरीक्षक सुरेश येलकेवाड, वन निरीक्षक प्रकाश झाड़े, सभी विभाग प्रमुख, भाजपा जिला महासचिव विवेक बोढे, तालुका महासचिव वामन तुरणकर, बालनाथ वडसकर, शहर अध्यक्ष सुरेश रागित, दिलीप गिरसावाले, सचिन डोहे, अजय राठोड, नितिन वासडे, सिनु पांझा सहित तालुका के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## विधायक किशोर जोरगेवार ने आगजनी का किया निरीक्षण



**चंद्रपुर.** गंज वार्ड में गुरुवार सुबह एक घर में आग लग गई। इस बीच , विधायक किशोर जोरगेवार ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और घर का निरीक्षण किया। यह पुरुषोत्तम गोवर्धन का घर है और घटना के समय घर पर कोई नहीं होने के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। विधायक किशोर जोरगेवार ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की है और तहसील विभाग को तत्काल पंचनामा बनाकर सरकारी सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

पुरुषोत्तम गोवर्धन सुबह-सुबह सब्जी बेचने बाजार गया था। इसी बीच पड़ोसियों ने उनके घर से धुआं निकलता देखा। उन्होंने तुरंत यह जानकारी पुरुषोत्तम गोवर्धन को दी। स्थानीय निवासियों ने बोरवेल से पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास किया , लेकिन तब तक घर का सारा सामान जलकर राख हो चुका था। इस घटना में गोवर्धन परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक किशोर जोरगेवार ने गोवर्धन परिवार से मुलाकात की और घर का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने तहसीलदार से फोन पर संपर्क कर तत्काल पंचनामा तैयार कर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आग लगने का कारण अभी तक ज्ञात नहीं है।

# बदास रविकुमार के साथ हिमेश रेशमिया




हिमेश रेशमिया की एक फिल्म आ रही है. नाम है 'बैडएस रवि कुमार'. इस फिल्म की अनाउंसमेंट कुछ सालों पहले हुई थी. मगर फाइनली आज ये बड़े पर्दे पर उतरने वाली है. जब से इस फिल्म का ट्रेलर आया है तभी से इसकी चर्चा चालू है. कान को चीरने वाले डायलॉग्स, ज़हरीले एक्शन सीन्स और हिमेश का म्यूज़िक.पिक्चर का बज़ इतना ज़्यादा है कि एडवांस बुकिंग खुलते ही 'बैडएस रवि कुमार' की धड़ल्ले से टिकटें बुक हो रही हैं.अगर ये सिलसिला ऐसे ही चालू रहा तो हिमेश के करियर की ये सबसे बड़ी ओपनिंग पाने वाली फिल्म बन जाएगी.

'बैडएस रवि कुमार' के ट्रेलर को यू-ट्यूब पर अब तक 80 मिलियन से भी ज़्यादा व्यूज़ मिल चुके हैं. द क्सपोसे यूनिवर्स की इस फिल्म के कुछ गाने भी आ चुके हैं. जिन्हें भी बहुत बढ़िया रिस्पॉन्स मिला है. नेशनल चेन्स जैसे पीवीआर आइनॉक्स और सिनेपोलिस में इसकी 4000 से ज़्यादा टिकटें बुक हो चुकी हैं. मेकर्स ने ये चाल चली है कि ओपनिंग वीकेंड के लिए उन्होंने टिकट के दाम कम रखे हैं ताकि फुटफॉल ज़्यादा आ सकें.

अभी भी पिक्चर रिलीज़ होने में कुछ घंटे बचे हैं. इसलिए एडवांस बुकिंग के ये नंबर्स थोड़ा और बढ़ेंगे. जिससे हिमेश रेशमिया के करियर की ये सबसे बड़ी ओपनिंग पाने वाली फिल्म बन सकती हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक बदास रविकुमार पहले दिन 05 करोड़ रुपये की ओपनिंग पाएगी. अब अगर हिमेश रेशमिया की 'बैडएस रवि कुमार' 05 करोड़ की ओपनिंग पाती है तो हिमेश के करियर के लिए ये एक नया रिकॉर्ड होगा. वैसे बदास रविकुमार का क्लैश जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म लवयापा से होने वाला है. ये बड़े पर्दे पर दोनों का ही डेब्यू है. देखना होगा दोनों फिल्मों में से किसे जनता का प्यार मिलता है.

## 'मिसेज' में सान्या मल्होत्रा ने किया दमदार एक्टिंग

आज के दौर में महिला केंद्रित फिल्मों में न केवल महिलाओं के टैलेंट और आधुनिक जीवन को दिखाया जाता है, बल्कि उनके संघर्षों और अधिकारों पर भी जोर दिया जाता है। जी5 की हाल ही में रिलीज़ हुई फिल्म 'मिसेज' इसी श्रेणी में आती है। यह फिल्म केवल फेक फेमिनिज्म की सीमाओं को तोड़ने का प्रयास नहीं करती, बल्कि यह भी बताती है कि एक महिला के लिए अपने जीवन के फैसले खुद लेने का क्या महत्व है।

यह फिल्म मलयालम सुपरहिट 'द ग्रेट इंडियन किचन' का बॉलीवुड रीमेक है, जिसमें सान्या मल्होत्रा ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म का निर्देशन समाज के उन रूढ़िवादी सोच पर आधारित है जो महिलाओं को केवल घर और किचन तक सीमित रखने की वकालत करते हैं। सान्या मल्होत्रा ने ऋचा का किरदार निभाया है, जो एक साधारण गृहिणी से अपने जीवन को नई दिशा देने वाली सशक्त महिला बनती है।

फिल्म की कहानी ऋचा (सान्या मल्होत्रा) और दिवाकर (निशांत दहिया) के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। एक नए शादीशुदा जोड़े के रूप में ऋचा अपने पति के घर की जिम्मेदारियों में ढलने की कोशिश करती है, लेकिन थकावट और घुटन महसूस करने लगती है। अंततः वह घर छोड़कर एक स्कूल डांस टीचर बन जाती है और अपने सपनों को पूरा करती है। वहीं, उसका पति दूसरी शादी कर लेता है।

# अक्षय की 'केसरी चेप्टर 2' हुई पोस्टपोन



2025 में बड़े स्टार्स की कई बड़ी फिल्में आने वाली हैं. इसमें अक्षय कुमार, वरुण धवन, जाह्नवी कपूर की फिल्म भी शामिल हैं. इन सभी फिल्म की रिलीज डेट भी लगभग कंफर्म थी. लेकिन अब अक्षय कुमार की एक फिल्म की वजह से धर्मा प्रोडक्शन की पूरी टाइमलाइ बिगड़ गई है. खिलाड़ी कुमार की इस फिल्म की रिलीज के पोस्टपोन होने की वजह से कई दूसरी फिल्मों के शेड्यूल ऊपर-नीचे हो गए हैं.

करण सिंह त्यागी के निर्देशन में बनी 'केसरी चैप्टर 2' पहले होली के मौके पर 14 मार्च, 2025 को रिलीज होने वाली थी। लेकिन अब निर्माताओं ने इसकी रिलीज को साल के अंत तक टाल दिया है। करण जौहर द्वारा निर्मित इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ आर माधवन और अनन्या पांडे भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म चर्चित वकील और जज सी शंकरन नायर की बायोपिक है।

केवल 'केसरी चैप्टर 2' ही नहीं, बल्कि सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'धड़क 2' की रिलीज भी टल गई है। पहले यह फिल्म 21 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में आने वाली थी, लेकिन अब इसे 14 मार्च, 2025 को रिलीज किया जाएगा। बता दे, 'धड़क 2' साल 2018 में आई जाह्नवी कपूर और ईशान खट्टर की फिल्म 'धड़क' का सीक्वल है, जो मराठी ब्लॉकबस्टर 'सैराट' की हिंदी रीमेक थी।

अक्षय कुमार और सिद्धांत चतुर्वेदी के फैंस को इन फिल्मों के लिए अब थोड़ा और इंतजार करना होगा। हालांकि, दोनों फिल्मों के प्रति दर्शकों की उत्सुकता को देखते हुए यह उम्मीद की जा रही है कि ये फिल्में साल के अंत तक दर्शकों का मनोरंजन करने में सफल रहेंगी।

# ट्रेडिशनल लुक में छाईं प्रियंका और मालती



बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपने भाई सिद्धार्थ चोपड़ा की शादी के लिए मुंबई आई हुई हैं। परिवार के इस खास मौके पर प्रियंका पूरी तैयारी में जुटी हुई हैं और अपनी झलकियों को सोशल मीडिया पर भी साझा कर रही हैं। हाल ही में उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें वे अपनी बेटी मालती मैरी के साथ नजर आईं। वीडियो में दिखाया गया कि जैसे ही प्रियंका अपनी बेटी के साथ शादी के एक प्री-वेडिंग फंक्शन में शामिल होने के लिए निकलीं, पैपराज़ी ने उनकी कार को घेर लिया। कैमरे के तेज़ फ्लैश से बेटी मालती असहज हो गई। इसे देखते हुए प्रियंका ने तुरंत अपनी लाडली के चेहरे पर हाथ रखकर उसे कैमरे की रोशनी से बचाया। फैंस ने इस वीडियो पर जमकर प्रतिक्रियाएं दी हैं और प्रियंका को एक जिम्मेदार और शानदार मां बताया है। वीडियो में प्रियंका ट्रेडिशनल सलवार-सूट में बेहद खूबसूरत लग रही थीं, जबकि मालती भी ट्रेडिशनल आउटफिट में नजर आईं। प्रियंका के इस पारंपरिक अंदाज ने सोशल मीडिया पर खूब तारीफें बटोरीं। प्रियंका अपने भाई सिद्धार्थ चोपड़ा की शादी को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने हाल ही में इंस्टाग्राम पर कुछ झलकियां साझा की थीं, जिसमें वे शादी के लिए डांस प्रैक्टिस करती नजर आईं।

सिद्धार्थ चोपड़ा साउथ फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्री नीलम उपाध्याय से शादी करने जा रहे हैं। दोनों ने लंबे समय तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद अगस्त 2024 में सगाई की थी। नीलम ने 2012 में तेलुगु फिल्म 'मिस्टर 7' से डेब्यू किया था और वे कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं।

# 'क्रेजी' का टीजर रिलीज !

'तुम्बाड' फेम अभिनेता सोहम शाह ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'क्रेजी' का टीजर रिलीज कर दिया है। इस टीजर में भावनात्मक और रोमांचक पहलुओं का शानदार मिश्रण देखने को मिल रहा है। टीजर ने पहले ही दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है।

टीजर में एक ऐसे पिता की कहानी पेश की गई है जो अपने बच्चों के लिए हर मुश्किल का सामना करने के लिए तैयार है। बॉलीवुड के दिग्गज गायक किशोर कुमार की आवाज ने टीजर में खास जान डाल दी है। खास बात यह है कि अमिताभ बच्चन की फिल्म 'इंकलाब' के मशहूर गाने 'अभिमन्यु चक्रव्यूह में फंस गया है तू' को टीजर के लिए फिर से तैयार किया गया है, जो फिल्म की थीम को गहराई प्रदान करता है।

'क्रेजी' सिर्फ एक थ्रिलर नहीं है, बल्कि इसमें भावनाओं का भी जबरदस्त तड़का है। स्टाइलिश विजुअल्स और दमदार सिनेमैटोग्राफी इस फिल्म को अलग स्तर पर ले जाते हैं। फिल्म की कहानी दर्शकों को उनकी सीट से बांधे रखने का वादा करती है। बॉलीवुड की क्लासिक कहानी की गहराई और इंटरनेशनल सिनेमा की स्टाइलिश अप्रोच का अनोखा मेल इसमें देखने को मिलेगा।



फिल्म का निर्देशन गिरीश कोहली ने किया है और इसे सोहम शाह, मुकेश शाह, अमीता शाह और आदेश प्रसाद ने प्रोड्यूस किया है। अंकित जैन इसके को-प्रोड्यूसर हैं। 'क्रेजी' 28 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

सोहम शाह, जिन्हें 'तुम्बाड' जैसी कल्ट फिल्म के लिए जाना जाता है, अपनी इस वापसी से दर्शकों के दिलों में एक बार फिर जगह बनाने के लिए तैयार हैं। 'क्रेजी' के टीजर ने यह साबित कर दिया है कि यह फिल्म बॉलीवुड के थ्रिलर जॉनर में एक नया मील का पत्थर साबित हो सकती है।

# विक्की कौशल बने मराठा योद्धा

## फिल्म 'छावा' के लिए बढ़ाया 25 किलो वजन

बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल अपनी आगामी फिल्म 'छावा' के प्रमोशन के सिलसिले में हाल ही में जयपुर पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने अपने किरदार और लुक को लेकर कई दिलचस्प खुलासे किए। विक्की कौशल ने बताया कि इस फिल्म में छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाने के लिए उन्होंने 25 किलो वजन बढ़ाया और अपनी बॉडी पर लगातार 7 महीने तक मेहनत की। विक्की ने जयपुरवासियों का दिल जीतते हुए 'खम्मा घणी जयपुर' के साथ अपने प्रमोशन का आगाज किया। उन्होंने कहा, "जयपुर आकर जो जोश मिलता है, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। मेरी हर नई फिल्म के प्रमोशन की शुरुआत यहीं से होती है।"

विक्की ने बताया, "जब मुझे ये फिल्म ऑफर हुई तो मैं घबरा गया था क्योंकि डायरेक्टर ने कहा कि मुझे फिल्म में शेर की तरह दिखना है। मैंने संभाजी महाराज की तस्वीरें देखीं और महसूस किया कि ये काम आसान नहीं होगा। लेकिन मैंने इसे चुनौती के रूप में लिया।" उन्होंने आगे कहा, "7 महीने तक बॉडी पर काम किया और 25 किलो वजन बढ़ाया। इसके अलावा घुड़सवारी की ट्रेनिंग ली। फिल्म की शूटिंग भी 7 महीने तक चली। टीम ने स्क्रिप्ट पर लगभग ढाई साल रिसर्च की थी। यह फिल्म मराठा इतिहास पर आधारित है और इसकी



तैयारी चार साल पहले ही शुरू हो गई थी।"

मराठा इतिहास पर बात करते हुए विक्की ने कहा, "मैं महाराष्ट्र से हूं और बचपन से मराठा इतिहास के बारे में पढ़ता आया हूं। छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में सभी जानते हैं, लेकिन उनके बेटे संभाजी महाराज भी महान योद्धा थे। उनका किरदार निभाना मेरे लिए बेहद चुनौतीपूर्ण था।" बता दे, लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में विक्की कौशल के साथ रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। 'छावा' 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

# 400 करोड़ के बजट में बनेगी 'कंतारा: चैप्टर 1'

होम्बले फिल्म्स की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कंतारा: चैप्टर 1' को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह है। 2022 में रिलीज़ हुई 'कंतारा' ने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी



स्लीपर हिट का दर्जा हासिल किया था। अब इस फिल्म का प्रीक्वल दर्शकों के लिए एक नया सिनेमाई अनुभव लेकर आ रहा है। फिल्म मेकर्स ने घोषणा की है कि इस बार दर्शकों को एक अद्वितीय वॉर सीन देखने को मिलेगा, जिसके लिए 500 से अधिक पेशेवर फाइटर्स को शामिल किया गया है। एक्शन कोरियोग्राफी के विशेषज्ञ इस सीक्वेंस को परफेक्ट बनाने में जुट गए हैं। मेकर्स का दावा है कि इस युद्ध दृश्य का स्तर ऐसा होगा जो पहले कभी नहीं देखा गया। फिल्म के पहले पोस्टर में ऋषभ शेट्टी का बिल्कुल नया लुक सामने आया है, जो दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ा रहा है। एक्शन सीन्स को लेकर होम्बले फिल्म्स ने कहा, "हम पूरी तरह से इस फिल्म को एक असाधारण अनुभव बनाने के लिए समर्पित हैं। एक्शन कोरियोग्राफी इतनी जबरदस्त होगी कि यह लंबे समय तक याद रखी जाएगी।"

'कंतारा: चैप्टर 1' कर्नाटक के कदंबा काल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह भारतीय इतिहास के स्वर्णिम युग को उजागर करेगी, जहां कदंबा शासकों ने वास्तुकला और संस्कृति को नई पहचान दी थी।

फिल्म का निर्देशन इस बार भी ऋषभ शेट्टी खुद कर रहे हैं, जो फिल्म में मुख्य भूमिका भी निभाएंगे। शानदार वॉर सीन्स और ऐतिहासिक कहानी के साथ यह फिल्म बड़े पैमाने पर बनने वाली है।

# शाहरुख करेंगे बेटे आर्यन के प्रोजेक्ट को प्रमोट

शाहरुख खान इन दिनों अपने बच्चों के करियर को सपोर्ट करते हुए नजर आ रहे हैं. एक तरफ शाहरुख बेटी सुहाना खान की फिल्म किंग में नजर आएंगे. वहीं दूसरी ओर शाहरुख बेटे आर्यन खान के डायरेक्शन डेब्यू को भी सपोर्ट करते हुए नजर आ रहे हैं. इस हफ्ते की शुरुआत में शाहरुख ने आर्यन के डायरेक्शन में बन रहा पहला प्रोजेक्ट Ba***ds ऑफ़ बॉलीवुड की अनाउंसमेंट की थी. जिसकी चर्चा जोरों-शोरों के साथ हो रही है. इसी बीच आर्यन की डेब्यू सीरीज की रिलीज डेट को लेकर जानकारी सामने आई है.

लक्ष्य और बॉबी देओल आर्यन के इस प्रोजेक्ट में लीड रोल निभाते हुए नजर आने वाले हैं. पिंकविला पर छपी रिपोर्ट की माने तो लक्ष्य और बॉबी की 'बा***ड्स ऑफ बॉलीवुड' का प्रीमियर जून के पहले हफ्ते में नेटफ्लिक्स पर हो सकता है और आईपीएल के बाद यह पहली बड़ी रिलीज होगी. रिपोर्ट की माने तो नेटफ्लिक्स और रेड चिलीज़ ने



इस एंटरटेनर को आईपीएल के बाद डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाने का फैसला किया है.इसके पीछे का बड़ा कारण ये माना जा रहा है कि ऐसा करने से क्रिकेट देखने वाले दर्शक भी इस प्रोजेक्ट की ओर शिफ्ट हो जाएंगे. इसे एक सोची-समझी स्ट्रैटेजी माना जा रहा है. इतना ही नहीं शाहरुख खान और आर्यन खान पूरे आईपीएल के दौरान इस सीरीज को प्रमोट भी करेंगे. मैचों के बीच 'बा***ड्स' का प्रमोशन करना एक बेहतरीन प्लान माना जा रहा है. इस प्रोजेक्ट में बॉबी देओल और लक्ष्य दो अहम किरदार निभाते हुए नजर आएंगे.लक्ष्य ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करण जौहर और गुनीत मोंगा की 'किल' से की है. उन्हें अपने काम के लिए काफी तारीफ भी मिली है. माना जा रहा है कि आर्यन खान के शो में इंडस्ट्री के बड़े-बड़े सितारों का कैमियो भी नजर आ सकता है. शाहरुख, सलमान और आमिर खान इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बन सकते हैं. हालांकि अभी तक इन बातों को लेकर कोई ऑफिशियल जानकारी सामने नहीं आई है.

# अब ओटीटी पर धमाल मचाएगी 'गेम चेंजर'

शंकर के निर्देशन में बनी और राम चरण-कियारा आडवाणी अभिनीत 2025 की पहली पैन इंडिया फिल्म 'गेम चेंजर' सिनेमाघरों में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई। यह फिल्म 10 जनवरी को रिलीज हुई थी और पहले दिन शानदार ओपनिंग के बावजूद दूसरे दिन से इसका कलेक्शन गिरने लगा। अब यह फिल्म सिनेमाघरों से विदा लेकर ओटीटी पर किस्मत आजमाने के लिए तैयार है।अमेजन प्राइम वीडियो ने 'गेम चेंजर' के डिजिटल अधिकार खरीद लिए हैं। प्लेटफॉर्म ने मंगलवार को फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट की घोषणा की। राम चरण और कियारा आडवाणी की यह फिल्म अब 7 फरवरी 2025 को अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।'गेम चेंजर' एक राजनीतिक थ्रिलर है, जिसकी कहानी कार्तिक सुब्बाराज ने लिखी है। फिल्म में राम चरण एक आईएएस अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं, जो एसजे सूर्या द्वारा निभाए गए मुख्यमंत्री




से टकराते हैं। कियारा आडवाणी, अंजलि, श्रीकांत, जयराम और नवीन चंद्रा ने भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं।

बॉक्स ऑफिस पर 'गेम चेंजर' का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। फिल्म ने पहले दिन 51 करोड़ रुपये की कमाई की, लेकिन इसके बाद कलेक्शन में भारी गिरावट देखने को मिली। लगभग 450 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने सिनेमाघरों में केवल 140.74 करोड़ रुपये की कमाई की। अब देखना होगा कि यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दर्शकों का ध्यान खींच पाती है या नहीं।

# स्टोइनिस ने अचानक वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली.**

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने अचानक वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है। इस तरह उनका 50 ओवर का अंतरराष्ट्रीय करियर 74 मैचों के बाद समाप्त हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को कहा कि स्टोइनिस टी20 इंटरनेशनल में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। साथ ही कहा कि 50 ओवर के फॉर्मेट से संन्यास लेने का उनका फैसला टी20 क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित




करने के लिए है।

बता दें कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए घोषित की गई टीम स्क्वॉड में मार्कस स्टोइनिस का नाम भी शामिल था। वनडे से स्टोइनिस के संन्यास का मतलब है कि अब ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट बोर्ड को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल करना होगा। अचानक उनके इस फैसले से क्रिकेट जगत हैरान है, क्योंकि चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज होने में अब बहुत कम समय बचा है।

# ऑस्ट्रेलिया को चैंपियंस ट्रॉफी से पहले दूसरा बड़ा झटका

**नई दिल्ली.**

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की उल्टी गिनती जारी है। टूर्नामेंट का उद्घघाटन मुकाबला 19 फरवरी को खेला जाना है। इससे पहले सभी 8 टीमों को 12 फरवरी तक अपने फाइनल स्क्वॉड घोषित करने हैं, लेकिन इससे पहले कुछ इंजर्ड खिलाड़ियों ने कुछ टीमों की टेंशन बढ़ा दी है। इन्हीं टीमों में से एक वनडे वर्ल्ड कप चैंपियन ऑस्ट्रेलिया भी है, जिसको बैक-टू-बैक दूसरा झटका लगता नजर आ रहा है। ऑस्ट्रेलियाई हेड कोच ने साफ किया किया इंजरी




के चलते कप्तान पैट कमिंस का खेलना मुश्किल है। वहीं, अब दूसरा बड़ा झटका घातक गेंदबाज जोश हेजलवुड के रूप में लगता नजर आ रहा है, जो इंजरी के चलते चैंपियंस ट्रॉफी 2025 मिस करने वाले हैं।

वहीं, जोश हेजलवुड भी इंजरी की समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया टीम को तीन खिलाड़ियों की तलाश है। उन्होंने कहा कि हेजलवुड की मेडिकल रिपोर्ट अगले कुछ दिन में आने वाली है, जिसके बाद स्थिति साफ हो सकेगी।

बता दें कि तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया टीम में अहम भूमिका निभाते हैं।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए उन्हें चुना गया था, लेकिन इंजरी के कारण वह एक भी मैच नहीं खेल सके थे और ऑस्ट्रेलिया टीम से बाहर हो गए थे। ऑस्ट्रेलिया की टीम इन दिनों श्रीलंका दौरे पर दो टेस्ट खेल रही है, जिसमें हेजलवुड शामिल नहीं हैं।

# केरल और उत्तराखंड फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में




**नई दिल्ली.**

राष्ट्रीय खेलों के तहत उत्तराखंड के हल्द्वानी में बुधवार को फुटबाल प्रतियोगिता के दोनों सेमीफाइनल मैच खेले गए। जिसमें केरल और उत्तराखंड ने अपने अपने मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश किया।

गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में पहला मैच असम और केरल के मध्य खेला गया, जिसमें दोनों टीमें निर्धारित समय तक बराबर रही। इसके उपरांत पेनल्टी शूटआउट में केरल ने असम को 3--2 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया।

# सनराइजर्स हैदराबाद ने खरीदी 'हंड्रेड' लीग की नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स

**नई दिल्ली.**

आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद फ्रेंचाइजी ने अब इंग्लैंड की मशूहर क्रिकेट लीग 'हंड्रेड' में भी दखल बढ़ाया है. सनराइजर्स हैदराबाद ने हंड्रेड लीग की टीम नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स को खरीदा है. इसकी कीमत 10 अरब 93 करोड़ रुपए से अधकि है. सनराइजर्स फ्रेंचाइजी के मालिक सन नेटवर्क के मालिक कलानिधि मारन है. वहीं फ्रेंचाइजी की सीइओ काव्या मारन हैं.

सनराइजर्स हैदराबाद ने हंड्रेड में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स फ्रेंचाइजी हासिल के लिए तीन-तरफा कॉम्पिटिशन में



हराया. इसके दावेदारों की पुष्टि अभी भी होनी है. 'नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स' टीम यॉर्कशायर काउंटी द्वारा संचालित है. वैसे 'नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स' इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बेची हुई छठी हंड्रेड फ्रेंचाइजी है. मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपरजायंट्स के बाद 100-बॉल इंवेंट में टीम हासलि करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद तीसरी आईपीएल फ्रेंचाइजी है.

# दिल्ली एफसी की बड़ी जीत



**नई दिल्ली.**

डीएसए प्रीमियर लीग में आज नेहरू स्टेडियम परिसर में खेले गए एक तरफ़ा मुकाबले में दिल्ली एफसी ने ग्वामसर गायरी की शानदार हैट्रिक की मदद से हिंदुस्तान फुटबाल क्लब को 5-1 से पीट कर पूरे अंक अर्जित किए I धनजीत अशांगबम औऱ सेमसन केशिंग ने एक-एक गोल किया I पराजित टीम का इकलौता गोल होकिप ने किया I

इस जीत क़े साथ दिल्ली एफसी ने 15 मैचों में 32 अंक जुटा लिए हैं, जबकि हिंदुस्तान क़े 16 मैचों में 16 अंक हैं हालांकि दिल्ली एफसी ने शुरूआती मिनट से ही खेल पर पकड़ बना ली लेकिन पहले हाफ में मात्र एक गोल की बढ़त ले पाई I धनजीत आगे बढ़ आए गोल कीपर देबनाथ क़े ऊपर से अपनी टीम का खाता खोला I दूसरे हाफ में देबनाथ को चोटिल होने क़े कारण मैदान छोड़ना पड़ा Iथैंगमीन लेन, जगत सिंह, कुकी क़े बेहतरीन तालमेल का फायदा उठाते हुए गयारी ने दर्शनीय हैट्रिक़ जमा कर हिन्दुस्तान की वापसी को पूरी तरह रोक दिया I

# कर्नाटक ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में शीर्ष स्थान हासिल किया

**देहरादून.**

उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेल के नौवें दिन बुधवार रात्रि तक की पदक तालिका में कर्नाटक ने 54 पदकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

कर्नाटक ने अब तक 28 स्वर्ण, 11 रजत और 15 कांस्य पदक जीते हैं। दूसरे स्थान पर सर्विसेज है, जिसने 27 स्वर्ण, 10 रजत, नौ कांस्य सहित कुल 46 पदक अपने नाम किए हैं। मध्य प्रदेश 17 स्वर्ण, सात रजत, 10 कांस्य सहित कुल 24 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

महाराष्ट्र 82 पदकों के साथ सर्वाधिक कुल पदक जीतने वाला राज्य है, लेकिन इसमें स्वर्ण पदकों की संख्या 16 होने के कारण वह चौथे स्थान पर है। हरियाणा 51 पदकों के साथ पांचवें और तमिलनाडु 44 पदकों के साथ छठे स्थान पर बना हुआ है। मणिपुर, दिल्ली, केरल और पंजाब शीर्ष 10



में अपनी जगह बनाए हुए हैं। मेजबान राज्य उत्तराखंड अब तक कुल 33 पदक (4 स्वर्ण, 14 रजत, 15 कांस्य) जीत चुका है और वह पदक तालिका में 15वें स्थान पर है। राष्ट्रीय खेल के दौरान खिलाड़ियों का जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिल रहा है, और आने वाले दिनों में पदक तालिका में और बदलाव की उम्मीद की जा रही है। उत्तराखंड में आयोजित इस भव्य खेल आयोजन ने खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह भर दिया है।

# रोनाल्डो ने 40वें जन्मदिन पर दिया मानसिक तनाव से निपटने का मंत्र

**पुर्तगाल.**

पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो वर्तमान में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर और सबसे अमीर एथलीटों में से एक हैं। करोड़ों युवा रोनाल्डो को अपना आदर्श मानते हैं, लेकिन एक वक्त वो भी था, जब उन्हें मानसिक तनाव से जूझना पड़ा। बुधवार को 40वां जन्मदिन मनाने वाले रोनाल्डो ने खुद इसका खुलासा किया कि करियर की शुरुआत में उन्हें मुश्किलों से बाहर निकलने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। इस दौरान रोनाल्डो ने सीख दी कि कैसे मुश्किलों से बाहर निकले और कैसे मानसिक तनाव से छुटकारा पाएं।

रोनाल्डो ने कहा, मुझे याद है कि मैड्रिड में एक मैच के दौरान मैंने पेनल्टी मिस कर दी थी। मैच के बाद मैंने खुद को अंधेरे कमरे में बंद कर दिया था। मुझे खुद पर काफी गुस्सा आ रहा था।



रोनाल्डो ने कहा, मैं सोच रहा था कि मैं विफल कैसे हो सकता हूं। मैंने डिनर नहीं किया और बीमार इंसान की तरह बिस्तर पर लेटे हुए खुद से बात करने लगा। मैं खुद से कह रहा था, मैंने किक दाएं क्यों मारी, मैंने बाएं क्यों नहीं मारी? तुम बेवकूफ हो। मैं लगातार खुद से बात कर रहा था। यूरो 2024 टूर्नामेंट के अंतिम-16 मुकाबले में रोनाल्डो स्लोवेनिया के खिलाफ पेनल्टी चूकने पर रोनाल्डो मैदान पर ही रो पड़े। इस कारण दर्शकदीर्घा में बैठी उनकी मां भी भावुक हो गईं।

हालांकि पुर्तगाल ने मैच जीत लिया था।रोनाल्डो ने कहा कि वह अभी भी काफी कुछ सीख रहे हैं लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि भावनाओं को खुद पर ज्यादा हावी मत होने दें। तनाव की सबसे बड़ी वजह भावनाओं पर काबू नहीं होना है।रोनाल्डो ने कहा, मैंने जीवन में जो सबसे अहम बात सीखी है, वो है कि अपने काम की समस्याओं को घर पर कभी मत लाओ। मैंने फुटबॉल से जुड़ी चीजों और परेशानियों को मैदान पर ही छोड़ देता हूं।

# विराट कोहली दूसरा वनडे मैच खेलेंगे या नहीं?




विराट कोहली ने घुटने में चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ पहला मैच नहीं खेला था. यह अच्छी बात रही कि विराट के प्लेइंग इलेवन में ना होने के बावजूद टीम इंडिया ने यह मैच 4 विकेट से जीत लिया है. मुकाबले में गिल ने 87 रनों की मैच विनिंग पारी खेली, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. इस बीच विराट कोहली की फिटनेस और कटक में होने वाले दूसरे वनडे मैच में उनके खेलने पर बड़ा अपडेट सामने आया है.मैच के बाद ब्रॉडकास्टर्स से बात करते हुए शुभमन गिल ने बताया कि विराट कोहली को घुटने में सूजन आई थी और वो मुकाबला खेले जाने से पिछले दिन शाम के अभ्यास सत्र से पहले तक फिट महसूस कर रहे थे. गिल ने कहा, "जब हम सुबह उठे तो पता चला कि विराट को घुटने में हल्की सूजन थी. वो पिछली शाम अभ्यास सत्र तक फिट महसूस कर रहे थे. वो अगले मैच तक बिल्कुल फिट हो जाएंगे." यह विराट कोहली के करियर के उन चुनिंदा मैचों में से एक है जब विराट को चोट के कारण प्लेइंग इलेवन से बाहर बैठना पड़ा है.विराट कोहली वनडे मैचों में तीसरे क्रम पर बैटिंग करते हैं, लेकिन उनकी गैरमौजूदगी में इंग्लैंड के खिलाफ गिल ने नंबर-3 पर बल्लेबाजी की. बल्लेबाजी क्रम में बदलाव पर शुभमन गिल ने कहा, "मैं टेस्ट मैचों में तीसरे क्रम पर बैटिंग करता हूं, इसलिए यह

# जसप्रीत बुमराह पर पाकिस्तान की भी नजर

**नई दिल्ली.**

पाकिस्तान के अंतरिम मुख्य कोच आकिब जावेद ने कहा कि भारत को आगामी चैंपियंस ट्रॉफी में अपने प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की फिटनेस के बारे में चिंतित होना चाहिए। भारत का पाकिस्तान से मुकाबला 23 फरवरी को दुबई में होना है। पीठ की ऐंठन के बाद से जसप्रीत बुमराह मैदान से दूर हैं, उन्हें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले गए सिडनी टेस्ट की चौथी पारी में उन्हें गेंदबाजी करने से रोक दिया गया था। वह वर्तमान में बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में हैं, जहां चैंपियंस ट्रॉफी में उनकी उपलब्धता पर स्पष्टता स्कैन के बाद आएगी, जैसा कि कप्तान रोहित शर्मा ने नागपुर में वनडे सीरीज की पूर्व संध्या पर दावा किया था।

जब आप चैंपियंस ट्रॉफी में खेलते हैं तो इसकी सबसे खूबसूरत बात यह है कि आप किसी भी टीम को हल्के में नहीं ले सकते। शीर्ष 8 सर्वश्रेष्ठ टीमें खेल रही हैं। अगर किसी टीम में बुमराह जैसा गेंदबाज है, तो यह एक प्लस पॉइंट है, लेकिन ऐसा



नहीं है कि हम हर चीज की योजना उसके इर्द-गिर्द ही बनाएंगे।"

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की टीम में फहीम अशरफ और खुशदिल शाह के चयन को लेकर आलोचकों और टीम समर्थकों में काफी नाराजगी है, जिन्होंने 8 टीमों के टूर्नामेंट में चयन के लिए पात्र होने के लिए बहुत उल्लेखनीय प्रदर्शन नहीं किया है। "दो मैचों के प्रदर्शन के आधार पर बदलाव करना सही नहीं है, इसलिए चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सबसे अधिक संभावना एक ही टीम होगी। और जब आप विशेष रूप से देखते हैं कि आपके पास न्यूजीलैंड, भारत और बांग्लादेश के खिलाफ तीन पूल मैच हैं, तो आपको दो ऑलराउंडरों सहित चार गेंदबाजी विकल्पों के साथ शीर्ष 7 बल्लेबाजों की आवश्यकता है।

टीम के मुख्य चयनकर्ता के रूप में भी काम कर रहे आकिब ने कहा, "ऑस्ट्रेलिया या दक्षिण अफ्रीका की तुलना में उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में खेलने के लिए फहीम और खुशदिल दोनों बेहतर विकल्प हैं।" उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान का लक्ष्य न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ त्रिकोणीय सीरीज में बल्ले से लगभग 325 रन बनाना होना चाहिए, साथ ही चैंपियंस ट्रॉफी में भी।

उन्होंने कहा, हाल के वर्षों में टी-20 क्रिकेट में 200 रन बेंचमार्क बन गए हैं, इसलिए, वनडे में 325 या 350 का स्कोर काफी संभव है, खासकर फील्डिंग प्रतिबंधों में बदलाव के साथ, जो शुरुआती ओवरों में सर्कल के बाहर केवल चार क्षेत्ररक्षकों को अनुमति देते हैं।

# हर्षित राणा ने डेब्यू मैच में बनाया अनोखा रिकॉर्ड



**नागपुर.**

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारतीय टीम की तीन वनडे मैचों की सीरीज में इंग्लैंड से टक्कर के चलते सीरीज का पहला मैच नागपुर में हुआ. नागपुर वनडे मैच में इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम इंडिया में गेंदबाजी का नेतृत्व अनुभवी मोहम्मद शमी ने किया, लेकिन वनडे में डेब्यू करने वाले हर्षित राणा मैच में छाए रहे। हर्षित ने टीम इंडिया के लिए मैच में 7 ओवर की गेंदबाजी की जिसमें उन्होंने 53 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए।हर्षित ने अपने डेब्यू मैच में सिर्फ विकेट ही हासिल नहीं किए, बल्कि उन्होंने एक अनोखा रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। दरअसल हर्षित भारत के पहले ऐसे गेंदबाज बने हैं, जिन्होंने टेस्ट, टी20 और वनडे तीनों के डेब्यू मैच में तीन-तीन विकेट झटके हैं। हर्षित ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम इंडिया के लिए अपना टेस्ट डेब्यू किया था।

# यूपी में नई आबकारी नीति को मिली मंजूरी

> अब एक ही दुकान पर देसी-विदेशी शराब

**पटना.**

उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए नई आबकारी नीति को मंजूरी दे दी है। नई नीति के तहत अब राज्य में ई-लॉटरी के जरिए ही शराब की सभी दुकानों का व्यवस्थापन किया जाएगा। प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने बुधवार शाम हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए इस फैसले की जानकारी देते हुए गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि प्रदेश मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 की आबकारी नीति को मंजूरी दे दी है।

**एक आवेदक को नहीं मिलेंगी 2 से ज्यादा दुकानें :** इस नीति में सबसे बड़ा फैसला ये लिया गया है कि इस साल ई-लॉटरी के जरिए प्रदेश की सभी देसी शराब की दुकानों, कंपोजिट दुकानों, मॉडल शॉप्स और भांग की दुकानों के व्यवस्थापन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लॉटरी सिस्टम में एक आवेदक को सिर्फ एक ही बार आवेदन करने का मौका मिलेगा और राज्य में एक आवेदक को 2 से ज्यादा दुकानें आवंटित नहीं की जाएंगी।

**5 कैटेगरी में बांटी गई प्रोसेसिंग फीस :** अग्रवाल ने बताया कि लॉटरी सिस्टम लागू किया जा रहा है, इसलिए प्रोसेसिंग फीस को भी 5 अलग-अलग कैटेगरी में बांटा गया है। पहली कैटेगरी में गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद, लखनऊ, आगरा, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर और कानपुर के नगर निगम एरिया और उनके चारों तरफ 3 किलोमीटर का एरिया शामिल होगा। प्रोसेसिंग फीस के तौर पर देसी शराब की दुकान के लिए 65 हजार रुपये, कंपोजिट दुकान के लिये 90 हजार रुपये, मॉडल शॉप्स के लिए 1 लाख रुपये और भांग की दुकान के लिए 25 हजार रुपये की फीस तय की गई है।



उन्होंने बताया कि दूसरी कैटगरी में पहली कैटेगरी में शामिल शहरों को छोड़कर बाकी जो बड़े शहर बचते हैं उनमें और उनके चारों तरफ 3 किलोमीटर में शराब की दुकानों (देसी शराब, कंपोजिट दुकान, मॉडल शॉप्स और भांग की दुकान) के लिए क्रमशः 60 हजार रुपये, 85 हजार रुपये, 90 हजार रुपये और 25 हजार रुपये प्रोसेसिंग फीस तय की गई है।

तीसरी कैटेगरी में सभी नगर पालिका क्षेत्रों और उनके चारों तरफ 3 किलोमीटर के इलाकों को शामिल किया गया है। इनमें देसी शराब, कंपोजिट दुकान, मॉडल शॉप्स और भांग की दुकान के लिए क्रमशः 50 हजार रुपये, 75 हजार, 80 हजार और 25 हजार रुपये प्रोसेसिंग फीस तय की गई है। आबकारी मंत्री ने बताया कि चौथी कैटेगरी में नगर पंचायत की सीमा और उसके चारों तरफ तीन किलोमीटर के इलाकों को शामिल किया गया है। इनमें प्रोसेसिंग फीस क्रमशः 45 हजार रुपये, 65 हजार रुपये, 70 हजार रुपये और 25 हजार रुपये रखी गई है।

पांचवीं कैटेगरी में ग्रामीण क्षेत्रों को शामिल किया गया है। यहां देसी शराब, कंपोजिट दुकान, मॉडल शॉप्स और भांग की दुकान के लिए प्रोसेसिंग फीस क्रमशः 40 हजार रुपये, 55 हजार रुपये, 60 हजार रुपये और 25 हजार रुपये तय की गई है। उन्होंने बताया कि नई नीति में कंपोजिट दुकान के रूप में एक नया मॉडल पेश किया गया है। कम्पोजिट दुकान का मतलब ये है कि अलग-अलग प्रकार की बियर और बाकी तरह की शराब की दुकानों को मिलाकर एक दुकान का स्वरूप दिया जाएगा।

**एक ही दुकान पर मिलेंगी सभी शराब :** ऐसा होने से ग्राहकों को एक ही दुकान पर सारी चीजें उपलब्ध हो जाएंगी। अग्रवाल ने बताया कि कंपोजिट दुकानों में एक व्यवस्था ये भी की गई है कि अगर कहीं पर बियर की दुकान और विदेशी शराब की दुकान अगल-बगल हैं तो उन्हें एक साथ जोड़कर एक ही दुकान बना दी जाएगी। उन्होंने बताया कि नई नीति में ये भी तय किया गया है कि उत्तर प्रदेश के जिन किसानों से फल खरीदकर शराब बनाई जा रही है, उनकी हर जिला मुख्यालय पर एक शराब की दुकान व्यवस्थित कराई जाएगी, जिससे वे प्रोत्साहित हों।

## मूर्ति विसर्जन के दौरान शराब के ड्रम में डूबा 3 साल का बच्चा

**मोतीहारी.**



बिहार के मोतीहारी में बुधवार को सरस्वती पूजा की मूर्ति विसर्जन के दौरान शिकरहना नदी किनारे अर्धनिर्मित शराब के ड्रम में डूबने से तीन बर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक बच्चे की पहचान सुगौली थाना क्षेत्र के सुजय कुमार के रूप में हुई है। बच्चे के माता-पिता दक्षिणी मानसिंघा पंचायत के भेड़ीयारी गांव में वार्ड नंबर पांच में रहते हैं। हादसे में जान गंवाने वाले तीन साल के बच्चे के पिता का नाम लाल साहनी है।

घटना के बाद सुगौली थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच छानबीन शुरू कर दी है। साथ ही शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने की तैयारी में जुटी है। हालांकि, थानाध्यक्ष ने ड्रम में पुआल होने की बात बता रहे हैं। ऐसे में सवाल है कि अगर ड्रम में सूखी घास पड़ी हुई थी तो बच्चा डूबा कहां? बच्चे की मां ने ड्रम में शराब होने की बात बताई।

**शराब कारोबारी के खिलाफ होगी एफआईआर :** मोतिहारी पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने मोतिहारी सदर एसडीपीओ शिखर चौधरी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन करते हुए जांच करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही 25 घंटा के अंदर जांच रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद शराब कारोबारी को चिन्हित कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और बच्चे की हत्या का मुकदमा चलेगा। बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद तस्कर लोगों तक अवैध तरीके से शराब पहुंचा रहे हैं। कई मौकों पर जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत भी हुई है।

## ईरान में हिजाब का विरोध? नग्न होकर कार पर चढ़ गई महिला

**मशहद.**

ईरान में कट्टर नीतियों के खिलाफ महिलाओं का गुस्सा थम नहीं रहा है। यहां हिजाब का विरोध फिर देखने को मिला है। ईरान में एक बार फिर चौंकाने वाली घटना हुई है। यहां एक महिला पूरी तरह से नग्न अवस्था में पुलिस के वाहन पर चढ़ गई और जमकर हंगामा किया। महिला पहले कार के सामने खड़ी होती है फिर बिना डरे बोनट पर चढ़ जाती है। इसके बाद महिला कार की विंडशील्ड पर बैठ जाती है। इस घटना के दौरान पास में ही कुछ लोग हथियारों के साथ नजर आते हैं। द सन की रिपोर्ट के अनुसार, घटना ईरान के उत्तर-पूर्व हिस्से में स्थित देश के दूसरे सबसे बड़े शहर मशहद में हुई है।

इस पूरी घटना का एक वीडियो भी सामने आया है जो हम आपको नहीं दिखा सकते हैं। वीडियो में बिना कपड़ों के महिला विरोध प्रदर्शन करती हुई नजर आ रही है। जब महिला कार के बोनट पर खड़ी होती है तो लोगों को तेज रफ्तार से आगे बढ़ते और गाड़ियों के हॉर्न बजाते सुना जा सकता है। सड़क किनारे खड़ी कार में चढ़ी महिला पास कुछ लोग हथियार के साथ भी नजर आ रहे थे।



स्थानीय मीडिया के हवाले से द सन की रिपोर्ट में बताया गया है कि महिला का पति होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति ने कथित तौर पर कहा कि उसे अब देखभाल के लिए ले जाया गया है। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि महिला ने सड़क पर नग्न प्रदर्शन क्यों किया लेकिन सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया गया कि वह महिलाओं के लिए देश के सख्त ड्रेस कोड का विरोध कर रही थी।

**ईरान में पहले भी देखने को मिला है विरोध :** ईरान में इस तरह के विरोध पहले भी हो चुके हैं। बीते साल नवंबर में तेहरान में विज्ञान और अनुसंधान विश्वविद्यालय की एक छात्रा ने हिजाब नियमों पर उत्पीड़न के विरोध में अपने कपड़े उतार दिए थे। 2022 में हिजाब का विरोध कर रही 22 वर्षीय युवती महसा अमीनी की पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी। इसके बाद पूरे देश में महिलाएं सड़कों पर उतर आई थीं। ईरान ने इस प्रोटेस्ट का बलपूर्वक दमन कर दिया था। कई प्रदर्शनकारियों को बाद में सजा भी दी गई थी।

**ईरान में महिलाओं पर हैं कड़े प्रतिबंध :** बता दें कि, ईरान में महिलाओं को कड़े प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है। एक नए विधेयक में सार्वजनिक रूप से उनके कपड़े पहनने और व्यवहार करने के तरीके को नियंत्रित करने वाले नियमों को सख्त करने की बात कही गई है। विधेयक में कहा गया है कि कोई भी अनुचित समझे जाने वाले कपड़े में पाया जाता है तो उसे बिना किसी सवाल के गिरफ्तार किया जा सकता है।

## सीएम प्रमोद सावंत ने प्रयागराज स्पेशल ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

**पणजी.**



गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने गुरुवार को पणजी के पास कर्माली रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं को प्रयागराज ले जाने वाली एक विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गोवा सरकार ने राज्य के श्रद्धालुओं को महाकुंभ मेले में शामिल होने के लिए प्रयागराज की मुफ्त यात्रा की सुविधा देने के लिए तीन विशेष ट्रेनों की घोषणा की है। सावंत ने करीब 1,000 श्रद्धालुओं को प्रयागराज ले जाने वाली पहली विशेष ट्रेन को कर्माली स्टेशन से रवाना किया।

**मुफ्त यात्रा की सुविधा देने के लिए और ट्रेन चलाने पर विचार :** इस दौरान सावंत ने बताया कि बाकी दो ट्रेन 13 और 21 फरवरी को गोवा से प्रयागराज के लिए रवाना होंगी। उन्होंने कहा कि मांग बढ़ने पर सरकार श्रद्धालुओं को प्रयागराज की मुफ्त यात्रा की सुविधा देने के लिए और ट्रेन चलाने पर विचार कर सकती है। सावंत ने बताया कि राज्य सरकार ट्रेन में यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं को भोजन भी उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को महाकुंभ में 24 घंटे बिताने का मौका मिलेगा, जिसके बाद उन्हें प्रयागराज से वापसी की ट्रेन लेनी होगी। गोवा में ये विशेष ट्रेन मुख्यमंत्री देव दर्शन योजना के तहत संचालित की जा रही हैं। 18 से 60 वर्ष की आयु के वे लोग, जिन्हें कोई गंभीर स्वास्थ्य समस्या नहीं है, इस योजना के तहत निशुल्क तीर्थयात्रा कर सकते हैं।

सावंत ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को महाकुंभ जैसे ऐतिहासिक आयोजन की मेजबानी के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु प्रयागराज जाने के लिए उत्सुक थे, इसलिए गोवा सरकार ने नि:शुल्क रेल यात्रा की सुविधा देने का निर्णय लिया.

यूपी के मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए सावंत ने कहा, ''सीएम योजी ने इतना बड़ा आयोजन किया है कि 40 करोड़ लोग महाकुंभ में जा रहे हैं। इतने सारे लोगों के लिए आयोजन करना, उतनी व्यवस्था करना कोई छोटी बात नहीं है, लेकिन बहुत अच्छी तरह से उन्होंने यह आयोजन किया। मैं गोवा के लोगों और सरकार की तरफ से उनको शुभकामनाएं देता हूं।''

## अमेरिका में ट्रंप की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग

**वाशिंगटन.**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के फैसलों के खिलाफ अमेरिका के कई शहरों में विरोध-प्रदर्शन हुए हैं। प्रदर्शनकारियों ने ट्रंप प्रशासन की ओर से प्रवासियों के खिलाफ निर्वासन की कार्रवाई से लेकर ट्रांसजेंडर अधिकारों को वापस लेने और गाजा पट्टी से फलस्तीनियों को जबरन स्थानांतरित करने के प्रस्ताव की निंदा की है।



फिलाडेल्फिया, कैलिफोर्निया, मिनेसोटा, मिशिगन, टेक्सास, विस्कॉन्सिन, इंडियाना और कई अन्य शहरों में प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की निंदा करते हुए पोस्टर लहराए। ओहायो के कोलंबस में स्टेटहाउस के बाहर विरोध-प्रदर्शन में शामिल मार्गरेट विल्मेथ ने कहा, ''मैं पिछले दो सप्ताह में लोकतंत्र में हुए बदलावों से चकित हूं, लेकिन यह बहुत पहले शुरू हो गया था।'' विल्मेथ ने कहा कि वह सिर्फ प्रतिरोध में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की कोशिश कर रहे हैं।विरोध-प्रदर्शन सोशल मीडिया पर हैशटैग 'बिल्डदरेजिस्टेंस' और हैशटैग '50501' के तहत चलाए गए एक ऑनलाइन आंदोलन का परिणाम था। हैशटैग '50501' के तहत एक दिन में 50 राज्यों में 50 विरोध-प्रदर्शन करने का आह्वान किया गया था।

सोशल मीडिया पर कई वेबसाइट और अकाउंट पर 'फासीवाद को अस्वीकार करें' और 'हमारे लोकतंत्र की रक्षा करें' जैसे संदेशों के साथ कार्रवाई का आह्वान किया गया। जमा देने वाली ठंड में भी मिशिगन की राजधानी लांसिंग के बाहर सैकड़ों लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। एन आर्बर क्षेत्र की कैटी मिग्लिएट्टी ने कहा कि वित्त विभाग के डेटा तक मस्क की पहुंच विशेष रूप से चिंताजनक है। मिग्लिएट्टी ने कहा, ''अगर हम इसे नहीं रोकते हैं और संसद से कुछ करने के लिए नहीं कहते हैं, तो यह लोकतंत्र पर हमला है।''

कई शहरों में प्रदर्शन के दौरान मस्क और सरकारी दक्षता विभाग की आलोचना की गई। मिसौरी की राजधानी जेफरसन में सीढ़ियों पर लगाए गए एक पोस्टर में लिखा था, ''सरकारी दक्षता विभाग वैध नहीं है।'' इसमें सवाल किया गया था कि एलन मस्क के पास हमारी सामाजिक सुरक्षा की जानकारी क्यों है।

अलबामा में 'एलजीबीटीक्यू-प्लस' लोगों को निशाना बनाने वाली कार्रवाइयों का विरोध करने के लिए सैकड़ों लोग स्टेट हाउस के बाहर एकत्र हुए। अलबामा के गवर्नर के इवे ने घोषणा की थी कि वह उस कानून पर हस्ताक्षर करेंगे, जो केवल दो लिंग (पुरुष और महिला) को मान्यता देता है।

## वाराणसी में आठवीं तक के स्कूल 8 फरवरी तक रहेंगे बंद

**वाराणसी.**

वाराणसी में तीर्थयात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए अब स्कूलों को बंद रखने का फैसला लिया गया है। महाकुंभ में अमृत स्नान के बाद वाराणसी में तीर्थयात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने यह फैसला लिया है। शहरी क्षेत्रों में कक्षा आठ तक के सभी स्कूलों को आठ फरवरी तक बंद रखने का आदेश जिला प्रशासन ने दिया है। इस दौरान ऑनलाइन कक्षाएं जारी रहेंगी।



बेसिक शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार पाठक ने बृहस्पतिवार को बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार वाराणसी के शहरी क्षेत्रों में आठवीं कक्षा तक के सभी सरकारी, शासकीय सहायता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई और अन्य बोर्ड से संबद्ध अंग्रेजी और हिंदी माध्यम के स्कूल आठ फरवरी तक बंद रहेंगे। इस दौरान सिर्फ ऑनलाइन कक्षाएं ही संचालित होंगी।

पाठक ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूल खुले रहेंगे। इस दौरान सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में डीबीटी प्रोसेसिंग, आधार सीडिंग और स्कूल की मरम्मत, रंग—रोगन इत्यादि जैसे कार्य जारी रहेंगे। शिक्षकों और कर्मचारियों को इन गतिविधियों की निगरानी के लिए स्कूलों में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है।

## तिरुपति टेंपल बोर्ड ने की 18 गैर हिंदू कर्मचारियों की छुट्टी

**तिरुमाला.**

तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने टीटीडी त्योहारों और अनुष्ठानों के दौरान हिंदू धार्मिक प्रथाओं का पालन नहीं करने के लिए 18 कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। टीटीडी के एक बयान के अनुसार, यह कार्रवाई टीटीडी के अध्यक्ष बीआर नायडू के निर्देश पर की गई। बयान में कहा गया है, "टीटीडी के अध्यक्ष बीआर नायडू के निर्देशों का पालन करते हुए, तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने संस्थान में काम करते समय गैर-हिंदू धार्मिक प्रथाओं का पालन करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है।" बयान में कहा गया है, "अधिकारियों ने 18 कर्मचारियों की पहचान की है, जो टीटीडी द्वारा नियोजित होने के बावजूद गैर-हिंदू धार्मिक परंपराओं का पालन कर रहे हैं। 18 पहचाने गए कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं, जो टीटीडी त्योहारों और अनुष्ठानों में भाग लेने के साथ-साथ गैर-हिंदू धार्मिक गतिविधियों में भाग ले रहे हैं।"

**टीटीडी 18 कर्मचारियों पर लेगा एक्शन :** इसके अलावा, टीटीडी के संचालन की आध्यात्मिक अखंडता को बनाए रखने के प्रयासों के तहत, बोर्ड ने इन कर्मचारियों को अन्य सरकारी विभागों में स्थानांतरित करने या उन्हें स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति देने का प्रस्ताव दिया है। टीटीडी के बयान में कहा गया है, "टीटीडी बोर्ड ने हाल ही में ऐसे कर्मचारियों को सरकारी विभागों में स्थानांतरित करने या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) के माध्यम से उनके बाहर निकलने की सुविधा प्रदान करने का संकल्प लिया है।

## फ्रांस के मार्सिले में नया वाणिज्य दूतावास खोलेगा भारत

> पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों करेंगे उद्घाटन

**मार्सिले.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 12 फरवरी को मार्सिले में भारतीय वाणिज्य दूतावास का संयुक्त रूप से उद्घाटन करेंगे। दूतावास का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस यात्रा के दौरान किया जाएगा। भूमध्यसागरीय तट पर मार्सिले फ्रांस के दक्षिण में स्थित शहर है। मार्सिले में भारतीय वाणिज्य दूतावास खोलने की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2023 में फ्रांस यात्रा के दौरान की गई थी।

**रणनीतिक लिहाज से अहम है मार्सिले :** रणनीतिक रूप से मार्सिले बेहद अहम शहर है और भारत मार्सिले बंदरगाह का उपयोग करने का इच्छुक भी है। खास बात यह है कि यहां किसी अन्य विदेशी शक्ति की कोई भूमिका या उपस्थिति नहीं है। मार्सिले का बंदरगाह फ्रांस का सबसे बड़ा बंदरगाह है और भूमध्य सागर में सबसे बड़े बंदरगाहों में से एक है। यह बंदरगाह फ्रांस के आयात और निर्यात में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसे यूरोप, अफ्रीका, मध्य पूर्व और एशिया के बीच माल की आवाजाही के लिए प्रवेश द्वार के रूप में भी देखा जाता है।



**पीएम मोदी ने 2023 में थी घोषणा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2023 में ला सीन म्यूजिकेल में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए मार्सिले में भारत द्वारा वाणिज्य दूतावास खोलने की घोषणा की थी। वाणिज्य दूतावास, पेरिस में दूतावास के बाद भारत का दूसरा राजनयिक मिशन है। यह वाणिज्य दूतावास संबंधी सेवाओं में मदद करेगा। वाणिज्य दूतावास से संबंधिक कार्यों के लिए अब लोगों को राजधानी पेरिस तक की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी।

# मध्य प्रदेश के 7900 छात्रों को फ्री में मिली स्कूटी

**भोपाल.**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को मध्य प्रदेश बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन की तरफ से आयोजित शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल आने वाले सरकारी स्कूलों के 7,900 मेधावी विद्यार्थियों को निःशुल्क ई-स्कूटर वितरित किए। सीएम यादव ने भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) में आयोजित राज्य स्तरीय 'स्कूटी वितरण कार्यक्रम' का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से 10 विद्यार्थियों को स्कूटी की चाबियां अपने हाथों से भेंट कीं।

**कई छात्रों के खाते में स्कूटी के लिए डाले गए रुपये :** इससे पहले छात्रों से उनकी पसंद पूछी गई थी कि उन्हें पेट्रोल से चलने वाली स्कूटी चाहिए या इलेक्ट्रिक से। इलेक्ट्रिक स्कूटी के लिए सहमति देने वाले टॉपर्स के बैंक खातों में 1 लाख 20 हजार रुपए जमा किए गए हैं जबकि पेट्रोल स्कूटी चुनने वाले छात्रों को 90 हजार रुपए दिए गए हैं।

**सीएम मोहन यादव ने छात्रों से कही ये बात :** सीएम डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रतिभाशाली छात्रों को स्कूटी देना आंनदित करता है। 12 छात्रों से मैंने चर्चा की। सभी अपने भविष्य तय किये हुए हैं। छात्रों ने कहा डॉक्टर बनेंगे, वैज्ञानिक बनेंगे। किसी ने नहीं कहा कि वे नेता बनेंगे। दुनिया का सबसे महान देश बनाना है तो हमारे टैलेंट लोगों को आगे आना होगा। मैरिट के लाभ है लेकिन खतरे भी हैं। जीवन में 10 सुख मिल जाये तो मनुष्य का जीवन धन हो जाता है। योग्यता से बड़ी नैतिकता भी जरूरी है। असंभव को संभव कर दे उनका नाम है विक्रमादित्य। नेता सुभाषचंद्र बोस ने प्रतिभा के बलबूते पर भारतीयों का मान बढ़ाया।



मोहन यादव ने कहा कि मनमोहन सिंह फाइनेंस के विद्वान थे लेकिन वो समझ नहीं पाए गरीब आदमी के बैंक के खाते खोल दें तो सीधा पैसा उन तक जाएगा। ये काम एक चाय वाले पीएम नरेंद्र मोदी ने कर दिखाया गरीबों के खाते खोलकर। सीएम ने छात्रों से अपने छात्रजीवन की यादें भी साझा की। सीएम ने कहा कि मुझे स्कूल में चुनाव जीतने पर बुलेट मिली थी। बुलेट मिल जाती थी पर सोचता था पेट्रोल का पैसा कैसे आयेगा।

**सीएम ने छात्रों को दी बधाई :** सीएम ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे विद्यार्थियों के साथ समय बिताने का मौका मिला और हमने मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी वितरित करने का अपना निर्णय पूरा किया। मुझे खुशी है कि राज्य सरकार युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार कदम उठा रही है। मुझे कार्यक्रम में शामिल होने और विद्यार्थियों के साथ स्कूटी की सवारी करने में बहुत मजा आया। मैं इस अवसर पर सभी को बधाई देता हूं।

## मर्चेंट नेवी के लापता कर्मचारी का शव मुंबई के समुद्र में मिला

**मुंबई.**

मुंबई के समुद्र में एक मर्चेंट नेवी कर्मचारी का शव मिला है। कोलाबा पुलिस ने ससून डॉक्स के पास समुद्र में एक शव मिलने के संबंध में दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक युवक की पहचान सुनील पचार (23) के रूप में हुई है और वह मूल रूप से राजस्थान का रहने वाले थे। सुनील पचार दो दिनों से नाव से लापता थे। नाव चालक दल द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, सुनील पचार रात में नाव के डेक पर सोए हुए थे। वह सुबह बोट के डेक पर दिखाई नहीं दिए थे। नाव पर हर जगह तलाश करने के बाद भी पचार को न पाकर, नाव चालक दल ने पुलिस में उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। जानकारी के अनुसार, सुनील पचार नवंबर 2024 से नाव पर काम कर रहे थे। वह 3 फरवरी की सुबह से लापता थे। इस बीच, 5 फरवरी को दोपहर करीब 1 बजे स्थानीय लोगों ने ससून डॉक के पास पचार का शव देखा और पुलिस से संपर्क किया।



सुनील पचार के शव को पोस्टमार्टम के लिए सेंट जॉर्ज अस्पताल भेज दिया गया है और पुलिस ने कहा कि पचार की मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा। सुनील के पिता ने बताया कि मौत से कुछ समय पहले ही उनके बेटे ने उन्हें वीडियो कॉल करके बातचीत की थी। उसे किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं थी। बाद में पुलिस द्वारा इस तरह की घटना हुई है ऐसी जानकारी दी गई। इसके बाद वह मुंबई आए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक जानकारी से पता चलता है कि व्यक्ति की मौत डूबने से हुई है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा।